● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 186, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 17 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



चाचा शरद के एजेंडे पर लौट रहे अजीत पवार 5

लक्ष्मण बने रहेंगे एनसीए के प्रमुख 6

## युवा शक्ति, नारी सशक्तिकरण, गरीब कल्याण और किसान कल्याण मिशन प्रदेश के स्थापना दिवस से होंगे आरम्भ : डॉ. यादव

### प्रधानमंत्री के संकल्पों की सिद्धि में योगदान देने के लिए मध्यप्रदेश प्रतिबद्ध





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 78वें स्वतंत्रता दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले वीरों, राष्ट्रभक्तों और स्वतंत्रता सेनानियों का पुण्य-स्मरण करने का दिन है। प्रशासन जनोन्मुखी हो, नागरिक विकास और सामाजिक सद्भाव में भागीदार बनें, गरीबों के कल्याण की योजनाएं अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे ऐसी पुख्ता व्यवस्था करने के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने के सफर को तय कर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्पों की सिद्धि में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाल परेड ग्राउण्ड भोपाल पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेशवासियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर लाल परेड ग्राउण्ड में ध्वजारोहण के बाद निरीक्षण वाहन से परेड का अवलोकन कर सलामी ली। परेड के सशस्त्र दलों ने तीन चरणों में हर्ष फायर किया। पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान जन-गण-मन की धुन के साथ अन्य देशभक्ति के गीतों की धूनें प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदक अलंकरण समारोह में पुलिस अधिकारी और कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा, सराहनीय सेवा और वीरता के लिए सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के विकास में 4 वर्गों यथा युवा, महिला, किसान और गरीब को आधार स्तम्भ के रूप में परिभाषित किया है। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचारों से प्रेरणा लेकर चार मिशन, युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण मिशन बनाकर काम करने जा रही है। मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस आगामी एक नवम्बर से यह मिशन अपना काम प्रारंभ करेंगे। युवा शक्ति मिशन में शिक्षा, कौशल विकास, रोज़गार, उद्यमिता, नेतृत्व विकास, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास की कार्य योजना तैयार कर मिशन मोड में कार्य किया जाएगा। गरीब कल्याण मिशन में स्व-रोज़गार योजनाएँ, सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा आदि की दिशा में कार्य करेगा। नारी सशक्तिकरण मिशन के तहत बालिका शिक्षा, लाड़ली, लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, लखपति दीदी योजना, महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण आदि कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किए जाएंगे।

## पूर्व पीएम वाजपेयी की छठवीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने श्रद्धांजलि दी

### शाह बोले- उन्होंने देश की सेना और अर्थव्यवस्था मजबूत की




**नई दिल्ली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज छठवीं पुण्यतिथि है। अटल बिहारी का निधन 16 अगस्त 2018 को 83 साल की उम्र में हो गया था। उनकी समाधि सदैव अटल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी कई वरिष्ठ नेता पहुंचे।

दिल्ली में स्मृति स्थल पर हुई प्रार्थना सभा में राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मनोहर लाल खट्टर समेत एनडीए एलायंस और भारतीय जनता पार्टी के सदस्य भी पहुंचे।

गृह मंत्री अमित शाह ने ङ्क पर लिखा- प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने देश को सामरिक और आर्थिक रूप से मजबूत किया। जब भी देश में राजनीतिक शुचिता, राष्ट्रहित के प्रति निष्ठा और सिद्धांतों के प्रति अडिगता की बात होगी, अटल जी को याद किया जाएगा।

25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अटल जी का जन्म हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी दशकों तक भाजपा का बड़ा चेहरा थे और पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने बतौर पीएम कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने 1977 से 1979 तक प्रधानमंत्री मोराजी देसाई के मंत्रिमंडल में भारत के विदेश मंत्री के रूप में भी काम किया। 16 अगस्त 2018 को दिल्ली के एम्स अस्पताल में उनका निधन हो गया।

अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे हैं। सबसे पहले 1996 में 13 दिनों के लिए वह प्रधानमंत्री बने थे। बहुमत साबित नहीं कर पाने की वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। दूसरी बार वे 1998 में प्रधानमंत्री बने। सहयोगी पार्टियों के समर्थन वापस लेने की वजह से 13 महीने बाद 1999 में फिर आम चुनाव हुए। 13 अक्टूबर 1999 को वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने।

### बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर ने पीएम मोदी को फोन किया

## हिंदुओं की सुरक्षा का भरोसा दिलाया, भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा-वीजा सख्ती लागू रहेगी



**ढाका।** बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है। मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर पीएम मोदी को भरोसा दिलाया। बातचीत के दौरान मोदी ने कहा कि भारत बांग्लादेश में लोकतंत्र, स्थिरता और शांति की बहाली का समर्थन करता है। मोदी ने बातचीत को लेकर एक्स पर पोस्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए भाषण में बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की थी। बांग्लादेश में हुए हिंसक प्रदर्शनों में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले लगातार बढ़े हैं। अब तक हिंदुओं पर हमले के 205 से अधिक मामले सामने आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम स्थिति का लगातार जायजा ले रहे हैं। बांग्लादेश में भारत के हाईकमिश्नर ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के एडवाइजर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत हुई। बातचीत में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भी बातचीत हुई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बांग्लादेश में वीजा फैसिलिटी को पूरी तरह कानून व्यवस्था सामान्य होने के बाद शुरू किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने शैक्षिक डिजिटल बस का किया शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान भोपाल के लाल परेड ग्राउंड से शैक्षिक डिजिटल बस का शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने डिजिटल बस की कार्यप्रणाली को जाना और छात्रों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में डिजिटल बस छात्रों के लिये उपयोगी साबित होगी। राज्य शिक्षा केंद्र की सहयोगी संस्था एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा संचालित डिजिटल बस में 20 कम्प्यूटर के साथ इंटरनेट की सुविधा भी है।

## चुनाव से पहले सीएम फेस का ऐलान हो : उद्धव

### पवार साहब और कांग्रेस जिसका नाम तय करेंगे, उसका समर्थन करूंगा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार (16 अगस्त) को कहा- चुनाव से पहले सीएम फेस का ऐलान होना चाहिए। पवार साहब और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज जिसे भी ष्टरूबनाएंगे, मैं उनका समर्थन करूंगा।

मुंबई में महाविकास अघाड़ी की मीटिंग में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उद्धव ने कहा कि मैं अधिकतम विधायकों वाली पार्टी को मुख्यमंत्री पद मिलने के फॉर्मूले का समर्थन नहीं करता। महाराष्ट्र सरकार बहनों को 1500 रुपए देने का ऐलान कर रही है, लेकिन इनकी योजनाओं का प्रचार करने के लिए 10 हजार रुपए खर्च कर रही है। सरकार गिराने के लिए 50 खोखे और लड़की बहन को 1500 रुपए। दरअसल, महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। इसे लेकर ही एमवीए की आज मीटिंग हुई। इसमें एनसीपी शरद गुट के चीफ शरद पवार और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण भी शामिल हुए थे।

कोरोना दौर में हमने काफी काम किया, इसलिए मुस्लिम हमारे साथ आए। एनआरसी और सीएए के दौरान मुस्लिम के मन मे भय था, लेकिन मैंने उस वक्त कहा था कि देश को जो प्रेम करेगा, उसे जाने नही दूंगा, इसलिए मुस्लिम साथ आए। मोदी नीतीश और चंद्रबाबू नायडू के साथ बैठते हैं तो क्या अब मान लिया जाए कि उन्होंने हिंदुत्व छोड़ दिया है।

## एसडीआरएफ ने केदारनाथ रूट पर 16 दिन से मलबे में दबे 3 शव निकाले

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के केदारनाथ में 16 दिन से मलबे में दबे शव एसडीआरएफ ने गुरुवार को निकाले। 31 जुलाई को बादल फटने के बाद यहां करीब 15 हजार लोग फंसे थे। डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अधिकारी ने बताया कि सर्च ऑपरेशन अभी भी चल रहा है। मलबे में दबे कुछ और शव भी मिल सकते हैं। उधर, उत्तर प्रदेश में तेज बारिश से 15 जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। लखीमपुर खीरी के 250 गांवों में पानी भर चुका है।

## जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से वोटिंग, हरियाणा में 1 अक्टूबर को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार (16 अगस्त) को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 3 फेज में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। हरियाणा की सभी 90 सीटों पर सिंगल फेज में 1 अक्टूबर को वोटिंग होगी। दोनों राज्यों के नतीजे 4 अक्टूबर को आएंगे। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव होंगे। अनुच्छेद 370 हटने के बाद ये पहला विधानसभा चुनाव होगा। ईसीई राजीव कुमार बोले- महाराष्ट्र में त्योहार की वजह से चुनाव बाद में होंगे। उन्होंने झारखंड का जिक्र नहीं किया। हरियाणा सरकार का कार्यकाल 3 नवंबर, महाराष्ट्र का 26 नवंबर और झारखंड का 5 जनवरी को खत्म हो रहा है।

चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार ने कहा, श्री जेंटलमेन आर बैक। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। देशभर ने चुनाव का पर्व मनाया। लंबी कतारें दिखीं, बुजुर्ग, यूथ वोट डालने गए। लोकतंत्र का जीवित उदाहरण देश ने देखा।

## इसरो की ईओएस-08 सैटेलाइट लॉन्चिंग सफल

### सबसे छोटे रॉकेट एसएसएलवी से भेजा गया, एक साल का यह मिशन आपदा का अलर्ट देगा




**चेन्नई।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने देश के सबसे छोटे रॉकेट एसएसएलवी-डी3 से अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट-8 (ईओएस-08) को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया। इसरो चेयरमैन एस सोमनाथ ने बताया, लॉन्चिंग सफल रही। उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी। यह सैटेलाइट पृथ्वी की कक्षा से बाहर करीब 475 किमी ऊपर स्थापित किया गया। यह एक साल तक काम करेगा। ईओएस-08 सैटेलाइट का मकसद पर्यावरण और आपदा को लेकर सटीक जानकारी देना है। इससे पहले इसरो ने 15 अगस्त को लॉन्चिंग की तारीख तय की थी। फिर इसे एक दिन बाद लॉन्च किया गया।

अंतरिक्ष में भेजे गए ईओएस-08 सैटेलाइट में तीन पेलोड हैं। इसमें इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इंफ्रारेड पेलोड, ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड और एसआईसी-यूवी डोसीमीटर शामिल हैं। आपदा निगरानी, पर्यावरण निगरानी जैसे काम के लिए तस्वीरें खींचने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पेलोड दिन और रात में भी तस्वीरें खींच सकता है। समुद्र की सतह पर हवा का विश्लेषण, मिट्टी की नमी का आकलन, बाढ़ का पता लगाने के लिए रिमोट सेंसिंग क्षमता के लिए किया जाएगा। डोसीमीटर गगनयान मिशन के लिए अल्ट्रावायलेट किरणों की निगरानी करेगा।

इसरो के सबसे छोटे रॉकेट एसएसएलवी की यह तीसरी लॉन्चिंग है। इससे पहले दो प्रयास (2022 और 2023) हुए थे। जिसमें इसरो को 2023 में सफलता मिली थी, जबकि 2022 में पहली कोशिश नाकामयाब हो गई थी।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, सीबीआई हिरासत में पूर्व प्रिंसिपल

**कोलकाता।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले में पीड़ित परिवार से शुक्रवार (16 अगस्त) को सीबीआई ने बातचीत की। परिवार ने अस्पताल के कुछ इंटर्न और डॉक्टर्स पर इस केस में शामिल होने का शक जताया है। सीबीआई ने कहा कि पीड़ित परिवार ने कुछ नाम लिखाए हैं। हम अभी 30 लोगों से पूछताछ करेंगे। सीबीआई ने कहा कि आज दो पीजी ट्रेनी डॉक्टर और एक हाउस स्टाफ को पूछताछ के लिए बुलाया। घटना वाली रात ये लोग पीड़ित डॉक्टर के साथ ड्यूटी पर थे। राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को हिरासत में लिया है। उनसे भी पूछताछ होगी। साथ ही एजेंसी गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय को घटना का सीन रिक्रिएट करने के लिए राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल लेकर पहुंची। संजय को 9 अगस्त को ही गिरफ्तार किया गया था।

वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी आज नया आदेश जारी किया। मंत्रालय ने कहा कि मेडिकल संस्थानों को हेल्थकेयर वर्कर पर हमले के 6 घंटे के अंदर ही एफआईआर दर्ज करानी होगी।

## कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में तोड़फोड़ पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में 14 अगस्त को हुई हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस टीएस शिवगनम ने राज्य सरकार और पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा- अस्पताल में तोड़फोड़ के लिए 7 हजार की भीड़ आई थी। पुलिस क्या कर रही थी? इस पर पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने कहा- हिंसा को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए। 15 पुलिसवाले भी घायल हुए थे। डीसीपी भी घायल हुए हैं। पुलिस की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई थी।

इस पर चीफ जस्टिस ने कहा- ऐसे मामलों पर 144 लगाई जा सकती थी। 7000 लोग एकदम से नहीं आ सकते। साफतौर पर यह राज्य सरकार की नाकामी है।

## जम्मू-कश्मीर में 200 से ज्यादा अफसरों के तबादले

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। इससे ठीक एक दिन पहले पहले पुलिस और सामान्य प्रशासन विभाग में बड़े पैमाने पर अफसरों का तबादला किया गया है। इन अधिकारियों की संख्या 200 से ज्यादा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने हैं। इसलिए आयोग ने 31 जुलाई को केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से गृह जिलों में तैनात अधिकारियों का तबादला करने को कहा था। गुरुवार देर रात सामान्य प्रशासन विभाग ने तत्काल प्रभाव से 89 तबादलों का आदेश जारी किया। इनमें पुंछ और बांदीपोरा जिलों के डिप्टी कमिश्नर, सचिव, कमिश्नर, महानिदेशक, प्रबंध निदेशक और कई विभागों के निदेशक शामिल हैं। इस ट्रांसफर प्रोसेस का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी अधिकारी अपने होम डिस्ट्रिक्ट में तैनात न रहे। साथ ही उसे किसी एक पद पर 2 साल से ज्यादा समय न बीता हो।

नलिन प्रभात जम्मू-कश्मीर के नए स्पेशल ष्ठत्र नियुक्त किए गए हैं। वे मौजूदा डीजीपी आरआर स्वैन के रिटायरमेंट के बाद नए पुलिस महानिदेशक का कार्यभार संभालेंगे। स्वैन 30 सितंबर को रिटायर हो रहे हैं। 1 अक्टूबर को नलिन डीजीपी पद ग्रहण करेंगे। 55 साल के प्रभात तीन बार पुलिस वीरता पदक विजेता हैं और वे अपने पूर्व कैडर स्टेट आंध्र प्रदेश के विशेष नक्सल विरोधी पुलिस बल ग्रेहाउंड्स के चीफ रहे हैं। सरकार ने बुधवार को एनएसजी महानिदेशक के रूप में प्रभात के कार्यकाल को कम कर दिया और उन्हें आंध्र प्रदेश से एजीएमयूटी में इंटर-कैडर प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया।

## पुलिस का व्यवहार और दृष्टिकोण जनता के प्रति रहे संवेदनशील : राज्यपाल

### राज्यपाल ने राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित अधिकारियों-कर्मचारियों को दी शुभकामनाएं



**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जनता की सेवा में पुलिस का व्यवहार और दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। पुलिस का व्यवहार जनता के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। पुलिस का संवेदनशील व्यवहार जनता के मन में पुलिस के प्रति सम्मान को बढ़ाता है साथ ही पुलिस की छवि को जन हितैषी बनाता है। राज्यपाल श्री पटेल राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित अधिकारी-कर्मचरियों से भेंट कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने मध्यप्रदेश पुलिस, जेल और होम गार्ड के पदक प्राप्तकर्ताओं एवं उनके परिजनों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष प्रदेश पुलिस के कुल 69 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित हुए हैं। यह सम्मान वीरता, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम राजभवन के सांदपनि सभागार में आयोजित हुआ।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस ने कानून एवं व्यवस्था के उत्तरदायित्वों के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। पुलिस ने एक पेड़-माँ के नाम अभियान में एक दिन में सवा लाख पौधे लगाए हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने मध्यप्रदेश पुलिस बल को इस सफलता के लिए बधाई दीं। उन्होंने प्रदेश पुलिस से आह्वान भी किया कि रोपे गए पौधों की भविष्य में देख-भाल की जिम्मेदारी भी तत्परतापूर्वक निभाएं। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में सायबर अपराधों की प्रकृति बदली है। सायबर अपराधों का शिकार अधिकांशत- बच्चे, महिलाएं, ग्रामीण और वंचित वर्ग के लोग हो रहे हैं।पुलिस को सायबर जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना होगा। पुलिस को तकनीकी और कानूनी रूप से दक्ष होकर, संवेदनशील विवेचना कर, सायबर अपराधियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस का हर अधिकारी-कर्मचारी अपने कर्तव्यों का संपूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ पालन करें।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय पुलिस सशक्त और स्वस्थ समाज का आधार होती है। समाज के विकास के लिए सुरक्षा जरूरी है, सुरक्षा के लिए पुलिस जरूरी है। पुलिस को समय के अनुसार स्वयं को अपडेट रखना होगा। अब रिएक्टिव पुलिसिंग से प्रिडिक्टिव पुलिसिंग की जरूरत है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विगत 6 माह में पुलिस द्वारा नक्सल गतिविधियों पर कड़ाई के साथ निरंतर कार्रवाई की गई है। 4 हार्डकोर नक्सलियों को मार कर, नक्सल गतिविधियों पर काफ़ी हद तक नियंत्रण पाया है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश पुलिस ने असामाजिक तत्वों, राष्ट्रविरोधी ताकतों का कठोरता से दमन और गौ-वंश के अवैध परिवहन रोकने की प्रभावी कार्रवाई भी की है। राज्यपाल श्री पटेल का समारोह में पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# उमंग उत्साह के साथ आन बान शान से फहराया तिरंगा

## जिले के प्रभारी मंत्री ने ध्वजा रोहण कर ली परेड की सलामी, मुख्य अतिथि ने किया मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन

**सिंगरौली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के जिला जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके मंत्री मध्य प्रदेश शासन लोक स्वस्थ यांत्रिकी विभाग ने ध्वजा रोहण कर परेड की सलामी ली। प्रभारी मंत्री ने जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान खुल जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया ।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने राष्ट्र भक्ति से संबंधित प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर लोगो का मन मुग्ध किया। प्रभारी मंत्री ने संस्कृतिका कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को प्रति समूह 11000 रुपया दिए जाने की घोषणा की। घोषणा होते ही पूरे जनसमूह के द्वारा पूरे हर्षो उल्लास के साथ तालियों के मध्य से मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों



को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।मुख्य समारोह के साथ-साथ सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। स्तरीय समारोह में परेड सीनियर में प्रथम स्थान केन्द्रीय औद्योगिक सुरंक्षा बल को प्राप्त हुआ। वही द्वितीय स्थान विशेष सशस्त्र बल पुलिस तथा तीसरा स्थान जिला पुलिस बल प्रथम को प्राप्त हुआ। वही परेड जूनियर में में पहला स्थान एनसीसी जूनियर शासकीय उतकृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न को प्राप्त हुआ। दूसरा स्थान एनएसएस शासकीय अंग्रणी महाविद्यालय बैढ़न तथा तीसरा स्थान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न को प्राप्त हुआ।समारोह के दौरान आयोजित सास्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर गड़ेरिया को प्राप्त हुआ।

द्वितीय स्थान पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमि विद्यालय बैढ़न तथा तीसरा स्थान इंडियन चिल्ड्रेन अकादमी बैढ़न को प्राप्त हुआ। समारोह के दौरान सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, नगर निगम की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर की धर्मपत्नी श्रीमती रचना शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, भापजा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, पूर्व विधायक राम लल्लू बैस, सुभाष बर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द सिंह नागेश, अपर कलेक्टर अरविंद झा, पी.के सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, तहसीलदार रमेश कोल, प्रीति सिकरवार, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला, खनिज अधिकारी एके राय, डीपीओ राजेश गुप्ता सहित जिले के अधिकारी कर्मचारी, वरिष्ट समाजसेवी सहित अधिवक्ता गण, व्यापारी गण, पत्रकार गण, बड़ी सख्या मे आम जन मानस , छात्र छात्राएं , जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम कार्यालय में महापौर ने किया ध्वजारोहण

**सिंगरौली।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम कार्यालय परिसर में महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल ने निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय आयुक्त नगर निगम डीके शर्मा सहित पार्षदों और अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया तत्पश्चात राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर नगर वासियों,अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महापौर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सबको देश और समाज के प्रति कर्तव्यों तथा संविधान के प्रति निष्ठा की याद दिलाता है। महापौर ने कहा कि हर व्यक्ति पूरी निष्ठा से सौंपा हुआ कार्य करे यही सच्ची राष्ट्र सेवा है। उन्होंने कहा कि आज हम मिलकर सकल्प ले नगर के विकास में कोई कोर कसर ही छोड़ेगे हमारा लक्ष्य होना चाहिएं नगरीय क्षेत्र में निवासरत प्रत्येक नागरिक को बिना भेदवाभ के समय पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलंब्ध कराये।नगर निगम अध्यक्ष ने नगरवासियों तथा निगम के अधिकारी कर्मचारियो को स्वतंत्रता दिवस की सुभाकमना देते हुये कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना एक पल गवाये राष्ट्र सेवा में निरंतर कार्य कर रहे है। उसी प्रकार हम सब मिलकर नगर के विकास के लिए कार्य करें। हमारा नगर निगम



नगर अन्य महानगरों की तरह आगे बढ़े ऐसा संकल्प लेकर हमे कार्य करना है। हर तरफ विकास कार्य चल रहे हैं। हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे नगर वासियों के दिलो में राष्ट्र के प्रति समर्पण कि भावना जागृति हो रही है वही नगर निगम आयुक्त ने कहा कि आज का दिन देश की आजादी के लिये कुर्बानी देने वाले शहीदों को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशील होकर अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें तथा शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों को हर जरूरतमंद तक पहुंचायें। निगमायुक्त ने कहा कि कि वीरों के बलिदान और त्याग से हमें आजादी मिली है। हर व्यक्ति को इसका मोल समझना चाहिए। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्त्तव्यों पर भी ध्यान देना चाहिए। तथा बिना किसी भेदभाव के शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुचाने का लक्ष्य लेकर चलना चाहिए। इस अवसर पर मेयर इंन काउसिल की सदस्य श्यामला देवी,सत्रुहन लाल शाह, पार्षद आशीष बैस, संतोष शाह, महेन्द्र सिंह, रविन्द सिंह, राम गोपाल पाल, नगर निगम के कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, उपायुक्त आरपी बैस सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तहसील सरई के अधिकारी हुए सम्मानित



सिंगरौली

78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तहसील सरई के अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। तहसीलदार सरई चंद्रशेखर मिश्रा को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टि से निराकरण, नायब तहसीलदार अमित मिश्रा को राजस्व प्रकरण, राजस्व निरीक्षक रामनरेश सोनी को सीमांकन प्रकरण, पटवारी सजापानी शैलजा त्रिपाठी को समयावधि में न्यायालय प्रकरणों में प्रतिवेदन हेतु चयनित किया गया। यह सम्मान राजमाता चुन कुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित 78वें स्वतंत्रता दिवस में आयोजित समारोह में सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री एवं मध्य प्रदेश राज्य शासन की पीएचई विभाग की मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, कलेक्टर सिंगरौली चंद्रशेखर शुक्ला एवम विधायक गणो ने मंच से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। शासकीय सेवाओं का सुचारु पूर्वक क्रियान्वयन समयावधि में आम जनता को सेवाएं प्रदान करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को दिए गए सम्मान से निश्चित रूप से इनका मनोबल बढ़ेगा और भविष्य में और ऊर्जा के साथ जनहित के कार्यों में करेंगे।

## कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय सह ट्राम सेंटर का किया औचक निरीक्षण

# कलेक्टर ने देखा बच्चा वार्ड चिकित्सालय में भर्ती मरीजो का जाना हालचाल

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को एवं मरीजो को देने वाले चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु औचक रूप से जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने एसडीयू वार्ड, डायलिसिस यूनिट, शिशु गहन चिकित्सा कंक्ष, एस.एन.सीयू वार्ड नेत्र चिकित्सालय वार्ड, बर्न यूनिट, सीटी स्केन, ब्लड स्टोरेज, फिजियो थैरेपी वार्डो, पैथालाजी वार्ड, अर्थोपैडिक वार्ड का निरीक्षण करने के पश्चात मौके पर उपस्थित सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन को निर्देश दिये कि जिला चिकित्सालय में इतनी अच्छी




व्यवस्थाएं उपलंब्ध है साथ ही उपचार से संबंधित मशीने उपकरण भी मौजूद है आपरेट करने वाले चिकित्सक उपलंब्ध है। इसका पूरा लाभ आम जन मानस को दिया जाये। किसी भी मरीज को अनायास रूप से प्राईवेट हस्पिटलो में रेफर न करे। जिस प्रकार की चिकित्सालय से संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्थाएं जिला चिकित्सालय में उपलंब्ध है इस प्रकार के उपकरण प्राईवेट हास्पिटलो में नही मिलेगा।कलेक्टर ने आम जन मानस से भी अपील किया है कि जिला चिकित्सालय में सर्व सुविधायुक्त उपकरण है इसका लाभ उठाएं। वही भर्ती मरीजो से मिलकर उनको प्रदान की जाने वाली चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। एवं निर्देश दिये गये कि भर्ती मरीजो का समुचित ईलाज करे। सभी डाक्टर अपने समयानुसार ओपीडी सहित वार्डो में उपलब्ध रहे। कलेक्टर ने गहन शिशु कक्ष का भी अवलोकन किया जिसमें बच्चो को दी जाने वाली अक्सीजन मशीनो की जानकारी तथा बच्चो के भर्ती की संख्या आदि की जानकारी ली गई। वही सीटी स्केन कक्ष का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त किये। जिसमें बताया गया कि आयुष्मान कार्ड वालो एवं बीपीएल कर्डधारियों का नि:शुल्क सीटी स्केन किया जाता है। साथ ही सामान्य मरीजो से निर्धारित फीस ली जाती है। उन्होंने निर्देश दिया कि आम जन मानस के सुविधा के लिए बनाये गये हेल्प डेस्क में तैनात किये गये कर्मचारी बराबर बैठे साथ ही डाक्टरो से भी अपेक्षा किया कि भर्ती मरीजो से सौहार्द पूर्ण बात करेगे। यह भी निर्देश दिये गये कि यदि अनावश्यक रूप से किसी भी मरीज को प्राईवेट हास्पिटल में रेफर किया जाता है। तो संबंधित चिकित्सक के विरूद्ध कार्रवाही की जायेगी। वही महिला वार्ड में भर्ती मरीजो को समुचित चिकित्सा व्यवस्था उलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान एसडीएम सृजन बर्मा, मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी एन.के जैन, सिविल सर्जन डॉ. देवेन्द सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मायाराम महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**सिंगरौली।** मायाराम महाविद्यालय मेढ़ौली सिंगरौली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संस्थापक संरक्षक राम लल्लू बैस पूर्व विधायक विधानसभा सिंगरौली एवं महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं जिले के अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए अपने उद्बोधन में कहा की




स्वतंत्रता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि जब हम सभी मिलकर एक उद्देश्य के लिए कार्य करते हैं, तो हम किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बद्री नारायण बैस ने कहा की आज हम सब यहाँ स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व पर एकत्रित हुए हैं, यह दिन हमें हमारी आजादी की लड़ाई में हमारे वीर शहीदों, सेनानियों के बलिदानों की याद दिलाता है।आज राष्ट्रीय पर्व के सुअवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति द्वारा महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ को उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित भी किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय में मुख्य अतिथि महोदय द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथिगणों का आभार महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 46 लोगो ने किया रक्तदान

**सिंगरौली।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर ग्रामीण विकास विभाग जिला पंचायत में आयोजित रक्तदान शिविर में 46 लोगो ने रक्तदान कर लोगो के जान बचाने में अपना योगदान दिया। रक्तदान शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र नागेश एवं उनकी पत्नी श्रीमती रंजना सिंह सबसे पहले रक्तदान कर लोगो को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में जिला पंचायत के अधिकारियो कर्मचारियो के साथ साथ जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित पंचायतो के पंच, सरपंच, सचिवो रोजगार सहायको के द्वारा रक्तदान किया गया। वही रेडक्रास सोसायटी के सभी सदस्यों का संक्रिय योगदान रहा।

# सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलौजी में धूमधाम से मनाया गया स्वतन्त्रता दिवस

**सिंगरौली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कामता नाथ केशरवनी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार सोनी ने अतिथियों का स्वागत कर परिचय कराया।तत्पश्चात शारीरिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। शारीरिक कार्यक्रमो में योग व्यायाम,चक्रयोग,डम्बल योग,योगासन दर्शकों के लिये आकर्षण के केंद्र बनें रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समूह नृत्य,देशभक्ति गीत,कजरी गीत,देशभक्ति नाटिका, हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषण दर्शकों के लिये रोचक,आकर्षक एवं भावुक कर देनें वाले



रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन आदित्य कुमार द्विवेदी आचार्य के निर्देशन में विद्यालय के भैया हर्ष सोनी,बहन दिव्या पांडेय एवं बहन दीप्ति पांडेय ने क्रमशःहिन्दी,संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा में किया।कार्यक्रम मे गोविंद तिवारी,रमेश सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त रूप से ली बैठक

## मौसमी बीमारियो के रोकथाम में लापरवाही एवं कुपोषित बच्चो को एनआरसी में भर्ती नही कराने पर दोनो विभागो के अधिकारियो को लगाई फटकार

**सिंगरौली।** कलेक्टर के अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने बैगा परिवारो के निवासरत चयनित किये गये आदर्श ग्रामो में चयनित हितग्राहियो के आधार कार्ड ई केवाईसी एवं आयुष्मान कार्ड के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि अभी भी निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पात्र हितग्राहियों को आधार कार्ड अपडेट न होने के कारण वे योजनाओं के लाभ से वचित है जो अत्यन्त ही खेदजनक है। कैम्प



आयोजित कर आधार कार्ड का अपडेशन सुनिश्चित करे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि इस कार्य में आशा कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा जाये। इसके साथ ही डयरिया सहित अन्य मौसमी बिमारियों के रोकथाम की समीक्षा करते हुये सीएमएचओ को निर्देश दिये कि अभी भी फिल्ड के कार्यरत कर्मचारियो के द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरीके से नही किया जा रहा है। ऐसे कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करे। साथ ही डायरिया मलेरिया सहित वर्षात के मौसम में होने वाली अन्य बिमारियो के रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाये।

# प्रभारी मंत्री ने बच्चों के साथ किया विशेष मध्यान भोजन

**सिंगरौली।** प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयंत में छात्र छात्राओं के साथ विशेष मध्यान भोजन किया। मध्यान भोजन के पूर्व प्रभारी मंत्री श्रीमती उईके द्वारा जयंत विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण, वरिष्ट समाजसेवी, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल मे धूमधाम से मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के डॉ. अंबेडकर स्टेडियम के प्रांगण में 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया। कार्यक्रम में स्कूलों तथा सीईएसएफ की टुकड़ियों ने परेड में भाग लिया, जिसका परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार द्वारा निरीक्षण कर सलामी ली गई। तदोपरांत डीपीएस स्कूल के बच्चों द्वारा एनटीपीसी गीत गाया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए एनटीपीसी की विशिष्ट उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं के बारे में अवगत



कराया गया। उन्होंनें अपने उद्बोधन में गर्व से बताया कि एनटीपीसी विंध्याचल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 37,387 मिलियन यूनिट्स का उत्पादन किया और एनटीपीसी की पीएम प्रदर्शन में टॉप रैंक प्राप्त की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एनटीपीसी विंध्याचल ने सुरक्षा, पर्यावरण पहलों और सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्र में प्रशंसा प्राप्त की, जिसमें भारत का पहला कार्बन कैप्चर प्लांट (मेथनॉल उत्पादन के लिए) स्थापित करना शामिल है। उन्होंने अपने भाषण को सभी स्टेकहोल्डर्स के प्रति दिल से आभार व्यक्त करते हुए समाप्त किया, उनके प्रत्येक कर्मचारियों के महत्वपूर्ण योगदान को सराहा और बड़ी सफलताएँ हासिल करने का विश्वास प्रकट किया।इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ) ई सत्य फणि कुमार द्वारा तिरंगा गुब्बारे छोड़ कर एनटीपीसी एवं राष्ट्र की ख्याति को दूर-दूर तक पाहुचने का संदेश दिया गया। बैलून रिलीजिंग के कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक(चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी सभी महाप्रबंधकगण एवं विभागाध्यक्ष, कमांडेंट पंकज बलियान, अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सरोजा फणि कुमार, महाप्रबंधक(आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडू, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) डीके अग्रवाल, परियोजना में संचालित विद्यालयों के प्राचार्यगण, सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के साथ-साथ यूनियन एवं एसोसिएसन के पदाधिकारियों नें सहभागिता की । कार्यक्रम का सफल संचालन मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा के कुशल नेतृत्व में संचालित हुआ ।इसके पश्चात नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत 15 साइकिलें शासकीय माध्यमिक विद्यालय, शाहपुर की छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा सायकल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न परेड की सर्वश्रेष्ठ टुकड़ियों को बेस्ट टर्न आउट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले 14 छात्रों को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड प्रदान किये गए । साथ ही सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले 76 अधिकारी व कर्मचारियों को एचओपी मेरिटोरियस अवार्ड एवं 6 कर्मचारियों को हैल्थ चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ परम्परागत एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## जिलास्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

**सीधी।** देश की आजादी के 78वें स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व पर पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। सीधी जिला मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड पर पूरे उत्साह और गरिमामय ढंग के साथ सम्पन्न हुआ जहां समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान राष्ट्रगान का गायन हुआ। तत्पश्चात् प्रभारी मंत्री ने परेड का निरीक्षण किया, इस दौरान कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा भी उनके साथ रहे। मुख्य अतिथि द्वारा समृद्धि के प्रतीक रंगीन गुब्बारे नील गगन में छोड़ने के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया, तत्पश्चात परेड द्वारा तीन बार हर्ष फायर किया गया।





समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने वीर शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने जिले के वीर शहीद लांस नायक श्री श्याम लाल सिंह, सिपाही श्री रघुवंश प्रसाद, हविलदार श्री रामरूप तिवारी, हविलदार श्री बृजभूषण तिवारी, सिपाही श्री दिलीप कुमार, जीडीआर श्री ताम्रध्वज सिंह, लांस नायक श्री सुधाकर सिंह, सिपाही श्री धरमपाल सिंह एवं सिपाही श्री रामसिया मिश्रा के परिजनों का पैर छूकर देश के लिए दी गई शहादत को नमन किया।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले में जिला पुलिस बल के बैंड दल को प्रशिक्षित किया गया है। इस वर्ष जिला पुलिस बल के बैंड दल के सुमधुर धुन पर परेड का आयोजन किया गया। परेड के कमांडर सूबेदार श्री वीरेंद्र कुमरे रक्षित निरीक्षक तथा उप कमाण्डर उप निरीक्षक श्री मयंक तिवारी पीसी होम गार्ड थे। इसमें उप निरीक्षक श्री गया प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में 9वीं वाहिनी विसबल सी कंपनी कैम्प सीधी, उप निरीक्षक श्री तरुण कुमार बे?िया के नेतृत्व में जिला पुलिस बल सीधी, सहायक उपनिरीक्षक श्री मनसुख लाल के नेतृत्व में जिला होम गार्ड, उपनिरीक्षक मोनिका पाण्डेय के नेतृत्व में महिला जिला पुलिस बल सीधी, सहायक उपनिरीक्षक श्री रजनीश सिंह बघेल के नेतृत्व में वन विभाग सीधी, श्री खेलेश्वर साकेत के नेतृत्व में सीनियर एनसीसी संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी, श्री अमितेन्द्र अग्निहोत्री के नेतृत्व में जूनियर एनसीसी उत्कृष्ट विद्यालय सीधी, श्री आयुष सिंह गहरवार के नेतृत्व में जूनियर एनसीसी गणेश सीनियर सेकेंड्री स्कूल प?रा सीधी, श्री शुभम सिंह चौहान के नेतृत्व में एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल हड़बड़ो, कु आस्था सिंह चौहान के नेतृत्व में सीएम राइज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी, कु दिव्या पाण्डेय के नेतृत्व में गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल मड़रिया(छात्रा वर्ग), श्री अर्जुन सिंह चौहान के नेतृत्व में गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल मड़रिया(छात्र वर्ग), श्री अम्बिकेश पाठक के नेतृत्व में महारानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल सीधी, श्री अमित शर्मा के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 सीधी, श्री शिवानंद द्विवेदी के नेतृत्व में अबोध बाल शिक्षा निकेतन हाई स्कूल सीधी, कु सोनल भारती के नेतृत्व में शासकीय आदर्श कन्या हा स्कूल सीधी, श्री वैभव सिंह बघेल के नेतृत्व में सरस्वती उमावि मड़रिया सीधी, कु मधु कोल के नेतृत्व में महिला बाल विकास शौर्य दल तथा जिला पुलिस बल सीधी के बैण्ड दल द्वारा आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। कार्यक्रम में गॉधी विद्यालय के बैण्ड दल द्वारा आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया।

मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल द्वारा अपर कलेक्टर श्री राजेश शाही सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान उनके साथ सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह की श्रृंखला में सर्वोत्तम परेड सीनियर का पुरस्कार 9वीं वाहिनी विसबल सी कंपनी कैम्प सीधी को दिया गया। परेड सीनियर का द्वितीय पुरस्कार होमगार्ड एवं तृतीय पुरस्कार महिला जिला पुलिस बल सीधी को दिया गया। सर्वोत्तम परेड जूनियर का पुरस्कार जूनियर सीएम राइज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी को दिया गया। परेड जूनियर का द्वितीय पुरस्कार जूनियर महारानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल सीधी एवं तृतीय पुरस्कार गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल म?रिया(छात्र वर्ग) को दिया गया।

इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह परिहार, जनपद सदस्य श्रीमती हीराबाई सिंह, श्री प्रदीप शुक्ला, वरिष्ठ समाज सेवी देव कुमार सिंह, सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। वनमंडलाधिकारी श्री क्षितिज कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राहुल धोटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी, जिले के समस्त वरिष्ठ पत्रकार, विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों और सामाजिक संगठनों के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों के साथ आमजन स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान उपस्थित थे। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व डॉ. डी.के द्विवेदी सहायक संचालक आदिवासी कार्य विभाग तथा सहायक उद्घोषक का दायित्व श्रीमती नेहा सिंह उच्च माध्यमिक शिक्षक चौफाल द्वारा निभाया गया।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने जवाहर कांग्रेस भवन में किया ध्वजारोहण

## स्वतंत्रता दिवस की दी शुभकामनाएं



**सीधी।** जिला कांग्रेस कमेटी सीधी द्वारा 78वा स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के अध्यक्षता में जवाहर कांग्रेस भवन सीधी में उल्लास और गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया ने ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी राष्ट्रगान का गायन किया गया।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया ने समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी भारतवासियों के लिए राष्ट्र के प्रति निष्ठा, कर्त्तव्य व शहीदों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। उन सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करने दिन है जिनके बलिदान और योगदान से देश को आजादी मिली हम सभी को मिलकर आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले योद्धाओं के सपनों के भारत का निर्माण करना है। अजय सिंह राहुल ने आगे कहा कि देश में सांप्रदायिक और नफरत फैलाने वाली ताकते हावी हो रही हैं ऐसे में हम सबको मिलकर एकता अखंडता और भाईचारे को बचाने का संकल्प लेना है हम सभी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लें लोकतंत्र की रक्षा करने का दायित्व हम सब देश के नागरिकों पर है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन करते हुए कहा कि आज का दिन उन महान क्रांतिकारियों को याद करने का दिन है जिन्होंने सुराज्य का बीज बोया देश की आजादी के लिए लाखों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपनी कुर्बानियां दी है असम के महापुरुषों ने देशभक्ति की ताकत से एक साम्राज्यवादी सरकार को उखाड़ कर स्वतंत्र भारत की स्थापना की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि भारत की आजादी और राष्ट्र के निर्माण में कांग्रेस पार्टी का अविस्मरणीय योगदान है आजादी के बाद विषम परिस्थितियों में कांग्रेस पार्टी और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए कांग्रेस नेताओं ने महत्वपूर्ण योगदान किए हैं उद्योगों शैक्षणिक संस्थाओं स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना और हरित क्रांति के माध्यम से अनाज के मामले में देश को संपन्न बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण काम कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए आज उन्हें सबके योगदान को याद करने का दिन है ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि हमें गरीबों मजलूमों और वंचितों के हितों के लिए संघर्ष करना है इस देश के भाईचारे और अमन को बचाने का संकल्प हम सब स्वतंत्रता दिवस पर लेते हैं।

# आदित्य बिड़ला हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने अणुव्रत की प्रतियोगिताओं में दिखाई अपनी प्रतिभा

**सीधी।** अल्ट्राटेक सीमेन्ट प्लांट बघवार, सीधी (म0 प्र0) द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला हायर सेकेण्डरी स्कूल में अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी द्वारा अणुव्रत क्रियेटिविटी कांटेस्ट के अंतर्गत आयोजित की गई प्रतियोगियों में प्रतिभाग करके छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा राज्य स्तर तक विजेता पुरस्कार व प्रमाण-पत्र प्राप्त किए। अणुव्रत क्रिएटिविटी कांटेस्ट के अंतर्गत चित्रकला, संगीत एकल गायन तथा समूह गायन, हिन्दी भाषण प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल स्तर, जिला स्तर तथा राज्य स्तर तक किया गया। विद्यालय के



कला शिक्षक सुप्रसिद्ध मूर्तिकार मुकेश कुमार नामदेव के निर्देशन में कराई गई चित्रकला प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में वरुण मिश्रा तथा सीनियर वर्ग में दिव्या त्रिपाठी ने विद्यालय स्तर एवं जिला स्तर में प्रतिभाग करके विजेता प्रमाण पत्र प्राप्त किए। हिन्दी शिक्षक अजय कुमार मिश्र के निर्देशन में कराई गई हिन्दी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में कामाक्षा तिवारी, कविता लेखन प्रतियोगिता में सौम्या तिवारी तथा भाषण प्रतियोगिता में सोम्या द्विवेदी ने प्रतिभाग करके स्कूल स्तर तथा जिला स्तर में विजेता प्रमाण पत्र प्राप्त किए। अभिषेक त्रिपाठी व सनी भट्ट के निर्देशन में कराई गई संगीत एकल गायन तथा समूह गायन प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग में प्रतिभाग करके छात्रों ने स्कूल स्तर व जिला स्तर में विजेता प्रमाण पत्र प्राप्त किए। सीनियर वर्ग समूह गायन प्रतियोगिता में सौम्या तिवारी, संघर्ष तिवारी, नितिन मिश्रा, अंजली मिश्रा तथा अंशिका तिवारी ने राज्य स्तर में भी विजेता पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्राप्त किए।

# प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल पहुंचे राकेश कुमार जायसवाल के घर, ली स्वास्थ्य की जानकारी

**सीधी।** मध्य प्रदेश शासन के मंत्री लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग तथा पालक मंत्री जिला सीधी दिलीप जायसवाल अपने प्रथम सीधी जिला आगमन के समय 15 अगस्त 2024 के आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के उपरांत जायसवाल समाज के राष्ट्रीय महासचिव राकेश कुमार जायसवाल सीधी के एक्सीडेंट हो जाने के कारण उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल लेने के लिए उनके निज निवास एम.पी. मेंसन, आदर्श नगर, पड़रा, सीधी पहुंचे। प्रभारी मंत्री के साथ सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी



विधानसभा की विधायक श्रीमती रीती पाठक, सीधी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू रामजी सिंह, भारतीय जनता पार्टी सीधी के जिला अध्यक्ष श्री देव कुमार सिंह, जायसवाल समाज के जिला अध्यक्ष श्री शिवलाल (बब्लू) जायसवाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री शुभम जायसवाल, जायसवाल समाज सीधी के महासचिव मुगलेश जायसवाल, समाज की युवा अध्यक्ष डॉ.राहुल जायसवाल, युवा महासचिव अमित कुमार जायसवाल, अपाक्स कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीराम सोनी, पूर्व सरपंच हड़बडो राम गोपाल जायसवाल, ओबीसी महासभा अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल(एड.), जनपद सदस्य खड्डी गुड्डू जायसवाल, पत्रकार राजकुमार जायसवाल पत्रकार, मनोज कुमार जायसवाल, पत्रकार जन्मेजय जायसवाल, इत्यादि पहुंचे। इस अवसर पर समाजसेवी प्रेमलाल जायसवाल सोनाखड़, समाजसेवी संतोष कुमार जायसवाल पटेहरा, समाजसेवी शिव जायसवाल बहरी, समाजसेवी केसवलाल जायसवाल केसवाही, समाजसेवी विश्राम जायसवाल खड़ी, श्रीमती इंद्रकुमारी जायसवाल, श्रीमती प्रेमवती जायसवाल, श्रीमती गायत्रीदेवी जायसवाल, श्रीमती उमा जायसवाल, नितिन कुमार जायसवाल, मुकेश कुमार जायसवाल, श्रीमती रमा जायसवाल, खुशी जायसवाल, अनुष्का जायसवाल, अनिकेत जायसवाल सहित मीडिया व प्रशासन के लोग उपस्थित रहे। सम्माननीय प्रभारी मंत्री जी ने समाज के राष्ट्रीय महासचिव राकेश कुमार जायसवाल के घर पहुंचकर सर्वप्रथम उनके स्वस्थ्य की जानकारी लिए।

# धर्म हमें अपनत्व व भाईचारा सिखाता है : कमलेश्वर

## प्रशस्ति पत्र भेंट कर तुलसी जयंती समारोह का हुआ समापन

**सीधी।** श्रीराम चरित मानस समिति सीधी के तत्वावधान में पंच दिवसीय गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती का समापन 15 अगस्त को मानस भवन सीधी में कमलेश्वर पटेल पूर्व मंत्री, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कांग्रेस पार्टी के मुख्य अतिथि, गंगा सागर तिवारी समाज सेवी की अध्यक्षता, बाला प्रसाद गुप्ता अधिवक्ता, मीसाबंदी, मुनीन्द्र द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सीधी, डॉ रंजना शुक्ला दंत चिकित्सक,गौ




वंश प्रेमी, श्रीमती पूनम तिवारी गौ वंश प्रेमी,राम राज सिंह चंदेल वरिष्ठ अधिवक्ता, विनोद मिश्रा पार्षद, राकेश चतुर्वेदी अधिवक्ता, श्रीमती स्नेहलता तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता, अशोक पाण्डे अधिवक्ता, मनोज सिंह अधिवक्ता के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजन समिति के सदस्यों,गौ वंश प्रेमियों , छात्र छात्राओं एवं लोक कलाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित साहित्य को भेंट कर सम्मानित किया गया।

# राज्य स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीधी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जिला पंचायत सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि हाथकरघा एवं संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम भोपाल द्वारा प्रत्येक वर्ष राज्य के सिद्धहस्त शिल्पियों को राज्य स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार दिये जाते हैं। राज्य स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार वर्ष 2024-25 के लिए शिल्पियों के अभिरूचि प्राप्त करने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2024 है। आवेदन पत्र प्रारूप एवं अन्य आवश्यक जानकारी हाथकरघा एवं संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम जिला पंचायत सीधी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। सिद्धहस्त शिल्पियों को प्रथम पुरस्कार 1 लाख रूपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार 25 हजार रूपये, प्रोत्साहन पुरस्कार 15-15 हजार रूपये 03 शिल्पियों को दिये जायेंगें।

# सीएमराइज विद्यालय को मिला प्रथम स्थान

**सीधी।** स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउण्ड सीधी में आयोजित मुख्य समारोह में सीएमराइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी की छात्राओं को परेड जूनियर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। अत्यधिक बारिश के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहा, विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती माया पनिका एवं पीटीआई नुरुस्लाम के निर्देशन एवं कक्षा 12वीं की छात्रा आस्था सिंह चौहान के कमान में परेड किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करते ही सभी बच्चों में खुशी की लहर



दौड़ गई,प्राचार्य सुभाषचंद पटेल ने पूरे विद्यालय परिवार की तरफ से इस उपलब्धि पर परेड मार्गदर्शक शिक्षक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के मार्गदर्शी श्रीमती मंजुला त्रिपाठी, उर्मिला पटेल, फणीन्द्र शेखर पांडेय एवं सभी बच्चों को बधाई दी गई।

# आयुष्मान कला समिति ने किया सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन

**सीधी।** पुराने बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर सीधी में सुंदरकांड का पाठ एवं भंडारे का आयोजन विश्व हिंदू परिषद सीधी की जिला उपाध्यक्ष एवं आयुष्मान कला समिति सीधी की सचिव श्रीमती अजीता द्विवेदी एवं पंकज द्विवेदी द्वारा करवाया गया जिसमे सुंदरकांड का पाठ करने वाले कलाकारों को सुंदरकांड, वस्त्र एवं मंदिर के पंडित जी को रामायण एवं वस्त्र देकर प्राचार्य सीएम राइज विद्यालय सुभाष चंद् पटेल के हाथो सम्मानित किया गया। सुंदरकांड पाठ, चालीसा एवं भजन गायन में मुख्य कलाकार गुड़िया पांडे, चंद्रमुखी सिंह, अनुराधा द्विवेदी, शिवानी द्विवेदी, शारदा सिंह, सुधा शुक्ला, रानी वर्मा, मालती बर्मा, संगीता सिंह, उर्मिला सिंह, सुमन सिंह, सीता तिवारी, ज्योत्सना मिश्रा, रूप मिश्रा, राधा केवट एवं अन्य कई कलाकारों ने इसमें सहयोग किया। कार्यक्रम में सीएम राइज विद्यालय सीधी के प्राचार्य सुभाष चंद् पटेल एवं समस्त स्टाफ, करौंदिया पानी टंकी स्कूल का स्टाफ एवं जिला शिक्षा कार्यालय से आदरणीय जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलाल मिश्रा, एपीसी एकेडमिक शिक्षा कार्यालय विष्णु पांडे, डीसी राजेश तिवारी, जिला सांस्कृतिक प्रभारी श्रावण शुक्ल, रोशन वर्मा, राजेश तिवारी, भैयालाल गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, डॉ बीना मिश्रा, वैष्णवी मिश्रा, डॉ सुनीता तिवारी, डॉ अशोक द्विवेदी, डॉ मनोज परिहार, अवधराज अग्निहोत्री, लाल मानिंदे सिंह, बलराज गुप्ता, अर्जुन सिंह, चित्रसेन, संगीता सिंह, श्रीकांत सिंह, पुष्पा सिंह, शशि शर्मा, प्रतिभा मिश्रा, कंचन केसरी, विभा शर्मा एवं अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार कल्चर कांग्रेस की देन, मोदी जी एक-एक भ्रष्टाचारी को भेजेंगे जेल : प्रभारी मंत्री

## पार्टी कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया शानदार स्वागत, सांसद, विधायक हुए शामिल

**सीधी।** मध्य प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल का पार्टी कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा और सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ शानदार अभिनंदन किया।

पार्टी कार्यालय में प्रथम आगमन पर आयोजित अभिनंदन समारोह एवं जिला पदाधिकारी बैठक को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार कल्चर कांग्रेस




की देन है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में एक-एक भ्रष्टाचारी को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। कांग्रेस को आढे हाथो लेते हुए प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने सार्वजनिक सभा में स्वीकार किया था कि एक रूपए भेजने पर जनता तक 15 पैसे ही पहुंचाते हैं। कटाक्ष करते हुए प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि शेष 85 पैसे इन्हीं कांग्रेसियों के जेब में जाते रहे और कभी इन्होंन इसे रोकने की व्यवस्था नहीं की। सीधी जिले से बहुत बड़े-बड़े नेता हुए किंतु जिले को हमेशा विकास से वंचित रखने का षड्यंत्र रखा किया गया, जिसके कारण कांग्रेस के शासनकाल में सीधी का विकास अवरुद्ध हो गया था। किंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही सीधी का विकास चारों ओर चकाचक सड़के, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज का निकट भविष्य में शुभारंभ, रेल परियोजना की अतिशीघ्र पूर्ति की ओर सहित विकास की अनेक संभावनाओं से सीधी की जनता का मनोबल बड़ा है। जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसान, युवा, महिला, मजदूर, दलित, शोषित, वंचित सभी का सम्मान केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी में है। अन्नदाता को हमने फसल बीमा के माध्यम से फसलों की सुरक्षा की वहीं दूसरी ओर किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज पर ऋण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया जबकि कांग्रेस के राज्य में किसानों स से 12 से 16 प्रतिशत तक ब्याज वसूला जाता था। कांग्रेस के शासनकाल में बेटियों को बोझ समझा जाता था किंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बेटियां लाडली लक्ष्मी बनी, बहने लाडली बहना बनी। इसके साथ ही स्व सहायता समूह के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों बहनों को लखपति दीदी बनाया है। जिसके कारण बहने आत्मनिर्भर हुई जिससे उनका सम्मान बड़ा। जिले के प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि सत्ता और संगठन के साथ तालमेल बिठाकर एक योजनाबद्ध तरीके से जिले का सर्वांगीण विकास करेंगे। जिले के हमारे सांसद, सभी विधायक और सभी पार्टी के पदाधिकारी अपने-अपने सुझाव और विचार समय-समय पर रखेंगे। मै अगले प्रवास में तीन दिनों के लिए सीधी आऊंगा जिसमें से एक रात किसी न किसी विधानसभा में गुजरेगी।

## संपादकीय

### इंसाफ मांगते डॉक्टर

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुराचार व बर्बर हत्या के बाद देश भर के डॉक्टरों में जो गम और गुस्सा है, उसे समझा जा सकता है। इस घटना के विरोध में देश भर में डॉक्टर मंगलवार को भी हड़ताल पर रहे, जिसके कारण लगभग सभी हिस्सों में ओपीडी सेवाएं बाधित रहीं। जाहिर है, इससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब चूंकि इस मामले का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी है और राज्य पुलिस को सारे कागजात बुधवार 10 बजे तक सीबीआई को सौंपने की हिदायत दी है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि मामले की संतोषजनक तफ्तीश होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अदालत ने उचित ही आंदोलित डॉक्टरों को उनके 'पावन दायित्व' का एहसास कराया है और उनसे अपने काम पर लौटने की अपील की है। आखिर किसी जालिम की करतूत की सजा बेकसूर मरीजों को क्यों मिलनी चाहिए? इस हत्याकांड ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल पुलिस को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। खुद अदालत ने सवाल किया कि आखिर शुरुआत से ही हत्या के बजाय अस्वाभाविक मौत के नजरिये से जांच क्यों की गई? फिर 9 अगस्त को घटी इस घटना में उसने जिस आरोपी को हिरासत में लिया है, वह उसी का एक वॉलंटियर बताया जाता है और उसे इस अस्पताल में अक्सर मंडराते देखा जाता था। इतने संवेदनशील मामले में अतिरिक्त सक्रियता बरतकर कोलकाता पुलिस न सिर्फ पीड़ित परिवार के भरोसे का संरक्षण कर सकती थी, बल्कि डॉक्टरों को भी यह यकीन दिला सकती थी कि अपराधी चाहे कोई भी हो या हों, चंद घंटों के भीतर वे सलाखों के पीछे होंगे! मगर बंगाल पुलिस ने कहीं न कहीं कोताही बरती। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उसे यह अल्टीमेटम देना कि रविवार तक जांच पूरी हो, वरना मामला सीबीआई को सौंप देंगे, आखिर क्या ध्वनित करता है?

# दो बच्चों की बाध्यता से आगे बढ़े चंद्रबाबू

**दक्षिणी राज्यों में उत्तर भारत की तुलना में कम प्रजनन दर है। मसलन, देश की औसत प्रजनन दर (प्रति महिला संतानोत्पत्ति) 2.11 है, जबकि आंध्र प्रदेश में यह 1.5 है, और केरल एवं तमिलनाडु में भी करीब-करीब इतनी ही या इससे भी कम है। मुख्यमंत्री नायडू की चिंता है कि कम प्रजनन दर से उत्पादक आबादी में कमी आ सकती है, जो अन्यथा राज्य के आर्थिक विकास में योगदान करती। साफ है, अन्य दक्षिणी सूबों की तरह आंध्र प्रदेश भी तेजी से बूढ़ा हो रहा है। यहां 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का प्रतिशत 11 प्रतिशत है, जो 2047 तक 19 फीसदी हो सकता है। इसके बरअक्स राष्ट्रीय औसत 10 प्रतिशत है, जो 2047 तक बढ़कर 15 फीसदी हो सकता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) द्वारा लगाए गए जनसंख्या अनुमान के मुताबिक, 2011 में जहां बिहार और उत्तर प्रदेश की आबादी की औसत आयु क्रमशः 19.9 और 21.5 वर्ष थी, तमिलनाडु और केरल में यह आंकड़ा क्रमशः 29.9 और 31.9 था। 2036 तक बिहार और उत्तर प्रदेश की औसत आयु बढ़कर क्रमशः 28.1 और 31.7 वर्ष होने का अनुमान है।**

(एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार)

आंध्र प्रदेश ने स्थानीय निकाय चुनावों में लड़ने के लिए दो बच्चों की बाध्यता संबंधी नियम को खत्म करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का यह निर्णय उत्तर भारतीय राज्यों के विपरीत है, जहां पर जनसंख्या दर कम करने के लिए दो या एक बच्चे का प्रावधान लागू करने की मांग होती रही है। मुमकिन है, आने वाले दिनों में कई और दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश के नक्शेकदम पर चल पड़ें, क्योंकि वे भी अपने यहां कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। इनमें एक बड़ा मुद्दा तो परिसीमन पर रोक से जुड़ा है, जिसकी समय-सीमा साल 2026 में खत्म हो रही है। इसके कारण दक्षिण में संसदीय सीटों की संख्या में प्रभावी कमी आ सकती है। दूसरा, दक्षिण भारतीय राज्यों को यह भी लगता है कि केंद्रीय निधि में उनका हिस्सा कम हो सकता है। चूंकि ये दोनों मसले जनसंख्या से जुड़े हुए हैं, इसलिए आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल जैसे तमाम दक्षिणी राज्यों को लगता है कि उन्हें अपनी आबादी को नियंत्रित करने के कारण 'दंडित' और 'सुविधाओं से महरूम' किया जा रहा है।

एक अन्य कारक दक्षिणी राज्यों की बदलती जन-सांख्यिकी है। दक्षिणी राज्यों में उत्तर भारत की तुलना में कम प्रजनन दर है। मसलन, देश की औसत प्रजनन दर (प्रति महिला संतानोत्पत्ति) 2.11 है, जबकि आंध्र प्रदेश में यह 1.5 है, और केरल एवं तमिलनाडु में भी करीब-करीब इतनी ही या इससे भी कम है। मुख्यमंत्री नायडू की चिंता है कि कम प्रजनन दर से उत्पादक आबादी में कमी आ सकती है, जो अन्यथा राज्य के आर्थिक विकास में योगदान करती। साफ है, अन्य दक्षिणी सूबों की तरह आंध्र प्रदेश भी तेजी से बूढ़ा हो रहा है। यहां 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का प्रतिशत 11 प्रतिशत है, जो 2047 तक 19 फीसदी हो सकता है। इसके बरअक्स राष्ट्रीय औसत 10 प्रतिशत है, जो 2047 तक बढ़कर 15 फीसदी हो सकता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) द्वारा लगाए गए जनसंख्या अनुमान के मुताबिक, 2011 में जहां बिहार और उत्तर प्रदेश की आबादी की औसत आयु क्रमश- 19.9 और 21.5 वर्ष थी, तमिलनाडु और केरल में यह आंकड़ा क्रमश- 29.9 और 31.9 था। 2036 तक बिहार और उत्तर प्रदेश की औसत आयु बढ़कर क्रमश- 28.1



और 31.7 वर्ष होने का अनुमान है, जबकि तमिलनाडु और केरल में यह आंकड़ा बढ़कर क्रमश- 40.5 और 39.6 साल हो सकता है।

अभी भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जिसकी अनुमानित जनसंख्या 1.44 अरब है। यह देश के लिए लाभदायक स्थिति है, क्योंकि हमारी आबादी दुनिया में सबसे युवा है। साल 2022 में भारत की औसत आयु 28 साल थी, जबकि चीन व अमेरिका की 37, पश्चिमी यूरोप की 45 और जापान की 49 वर्ष थी। अर्थशास्त्री इसे जन-सांख्यिकीय लाभांश कहते हैं। इसे देश के आर्थिक लाभ के लिए फायदेमंद माना जाता है, जब कामकाजी आयु वर्ग (15 से 64 साल तक की आबादी) की हिस्सेदारी गैर-कामकाजी वर्ग से अधिक होती है। मगर यह लाभ हमेशा के लिए नहीं बना रह सकता, अनुमान है कि 2040 तक तस्वीर बदल जाएगी और औसत कामकाजी आयु-वर्ग की आबादी कम होने लगेगी।

दिलचस्प है कि अपने यहां जनसांख्यिकीय बदलाव भी पूरे देश में समान नहीं है। केरल जहां तेजी से बूढ़ा हो रहा है, तो वहीं बिहार 2051 में चरम स्थिति पर पहुंचेगा। माना जाता है कि 2031 तक 22 बड़े राज्यों में से कम से कम 11 बुजुर्ग हो जाएंगे, लेकिन उत्तर भारत में कामकाजी आबादी की स्तर ऊंचा बना रहेगा, जिसकी वजह है, जन्म-दर में तेज गिरावट। वास्तव में, जनसंख्या कोई समस्या नहीं होती, बशर्ते सरकार कामकाजी आबादी को रोजगार देने में सक्षम हो। अभी जन्म-दर में तेज गिरावट के कारण भारत में कामकाजी आयु-वर्ग की आबादी बढ़ रही है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के पांचवें दौर (2019-21) के सर्वे के मुताबिक, भारत की प्रजनन दर दो है, जबकि पहले दौर (1992-93) में यह आंकड़ा 3.4 था। मौजूदा प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर (बच्चों की वह संख्या, जो एक दंपति अपने प्रजनन वर्षों के दौरान स्वयं को प्रतिस्थापित करने के लिए पैदा करती है) से कम है, जो 2.1 है। इसका अर्थ है कि भारत में औसतन एक जोड़ा अपने प्रतिस्थापन से कम बच्चे पैदा कर रहा है। यह तस्वीर भी पूरे देश में एक समान नहीं है। दक्षिणी राज्य जहां तेजी से बुजुर्गियत का सामना कर रहे हैं और यहां प्रतिस्थापन दर भी 1.5 है, वहीं उत्तर भारत के राज्यों में यह अधिक है। उच्च प्रजनन दर वाले सात राज्य हैं- बिहार (3.6), मध्य प्रदेश (3.1) राजस्थान (3), झारखंड (2.9) व असम (2.4)। इस राज्यवार भिन्नता का अर्थ है कि अलग-अलग राज्यों के लिए अलग-अलग समय में जन-सांख्यिकीय लाभांश उपलब्ध होगा। यही कारण है कि आंध्र प्रदेश जैसे राज्य नीतिगत बदलावों के जरिये अपनी कामकाजी आबादी के स्तर को सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। जनसंख्या का रुझान पूरे देश में एक जैसा नहीं है। शिक्षित और संपन्न लोगों की तुलना में गरीबों में वृद्धि दर अधिक है। बिहार बहुआयामी गरीबी से जूझ रहा है, इसलिए भले ही जन-सांख्यिकी के लिहाज से यह सबसे युवा हो, लेकिन इसका फायदा उठाने के लिए पर्याप्त शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का यहां अभाव है। राजनेता इस पर ध्यान देने के बजाय सांप्रदायिक मुद्दों को उभारने की कोशिशों में लगे रहते हैं। कोई मुख्यमंत्री मुसलमानों को अपनी जनसंख्या नियंत्रित करने को कह रहा है, तो कोई पूर्व सांसद देश भर में दो बच्चों की नीति की वकालत करते हुए बांग्लादेशी व रोहिंग्या को भारत के संसाधनों पर बोझ बता रहा है। जबकि, हकीकत यही है कि जनसंख्या के मामले में बांग्लादेश की स्थिति हमसे अच्छी है, क्योंकि वहां कुल प्रजनन दर 1.98 है।

राजनेता मुसलमानों को निशाना बनाकर गैर-जिम्मेदाराना बयान देते रहते हैं, लेकिन असलियत में इस समुदाय की जनसंख्या वृद्धि दर तेजी से घट रही है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी के अनुसार, साल 2001-2011 के दशक में हिंदुओं की वृद्धि दर 19.2 प्रतिशत से गिरकर 16.76 प्रतिशत हो गई, वहीं मुसलमानों की वृद्धि दर 29.42 प्रतिशत से गिरकर 14.6 प्रतिशत हो गई। जाहिर है, समुदाय विशेष के प्रति खौफ दिखाने के बजाय राजनेताओं को अपने लोगों के स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार लाने वाली नीतियों पर ध्यान देना चाहिए। जब तक ऐसा नहीं किया जाता, तब तक भारत का विकासशील से विकसित राष्ट्र बनना सपना ही बना रहेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# आखिर कैसी देश की आजादी के पक्षधर हैं हम?

**तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की घटनाएं जिस प्रकार लगातार बढ़ रही हैं और समाज में अपराधों की तादाद भी बढ़ रही है, ऐसे में देश की गुलामी का दौर देख चुके कुछ बुजुर्ग तो अब कहते सुने भी जाते हैं कि गुलामी के दिन आज की इस आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं।**

(योगेश कुमार गोयल)

आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा राष्ट्र रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है।

15 अगस्त का दिन प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। स्वतंत्रता दिवस को लेकर देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में एक अलग ही जज्बा और उत्साह समाहित रहता है। हालांकि वर्षों की गुलामी के बाद गुलामी की इन जंजीरों से मिली आजादी को हम किस रूप में संजोकर रख पा रहे हैं, वह सभी के समक्ष है। देश को आजाद हुए पूरे 77 बरस हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 77 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात साल दर साल किस कदर बदले हैं, वह भी किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि अभद्रता की हर हद पार करते नजर आते हैं। प्रतिवर्ष जब देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ राष्ट्र की आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत से ऐसे जनप्रतिनिधियों को भी देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, आजादी की उसकी तस्वीर ऐसी हो जाएगी।

हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की घटनाएं जिस प्रकार लगातार बढ़ रही हैं और समाज में अपराधों की तादाद भी बढ़ रही है, ऐसे में देश की गुलामी का दौर देख चुके कुछ बुजुर्ग तो अब कहते सुने भी जाते हैं कि गुलामी के दिन आज की इस आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, मध्यम वर्ग के लिए जीवनयापन दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। ऐसे हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द ही अपनी-अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कहीं कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कहीं कोई इसे गिराने के प्रयासों में। संसद और विधानसभाओं में हंगामेदार तस्वीरें तो अब कोई नई बात नहीं रह गई है।

आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा राष्ट्र रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। आजादी के बाद के इन साढ़े सात दशकों में महंगाई, भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। भले ही भ्रष्टाचार पर नकेल कसे जाने के कितने ही ढ़ोल क्यों न पीटे जाते रहें किन्तु वास्तविकता यही है कि आज भी अधिकांश जगहों पर बिना लेन-देन के कार्य सम्पन्न नहीं होते। बड़े नेताओं की तो छोड़ दें, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है।

आजादी का एक शर्मनाक पहलू यह भी है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि भी प्रायः सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ये बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है। लोकतंत्र के हाशिये पर खड़ी देश की जनता के लिए इस दिशा में फिर से चिंतन-मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह आखिर किस तरह की आजादी की पक्षधर है? आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके (लेखक 34 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा कई पुस्तकों के लेखक हैं)

## वर्ग पहेली 5463

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | 4 | |
| | ■ | 5 | | 6 | | | ■ |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | | ■ | 11 | | ■ | ■ | 12 |
| 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | | |
| 17 | | | ■ | 18 | | ■ | |
| ■ | ■ | 19 | 20 | ■ | ■ | 21 | |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2009 को इस प्रख्यात पार्श्व गायक को वर्ष 2007 प्रतिष्ठित दादा साहब फालके अवार्ड के लिए चुना गया था (3)
3. एक प्रकार का वाद्य जो भगवान शंकर को प्रिय है, एकसूत्र, सूत्रकोण (3)
5. आश्चर्य चकित होना, निरूत्तर होना (5)
7. शबर जाति की श्रमणा नाम की स्त्री जो श्रीराम की परमभक्त थी (3)
9. बांस की चटाई को यह भी कहा जाता है (3)
10. कसर, कमी, खता, खामी (2)
11. स्वेच्छा से दिया गया धन (2)
13. पादत्राण, एक पैर (3)
15. हेकड़ी, धृष्टता, अधिकारहीनता (4)
17. घास आदि का छोटा टुकड़ा, कंडगर, खरीक, तृण (3)
18. शिकन, ऐंठ, मरोड़, शक्ति (2)
19. कलई, गिरिसार, परास, सोल्डर (2)
21. मर्जी, इच्छा, अवकाश अनुमति (2)
22. जिसकी सभी सतह समान हो (4)
23. उतारू, राणकामी (3)

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रसिद्ध लॉन टेनिस खिलाड़ी जिसने अभिनेत्री लारा दत्ता से विवाह किया था (6)
2. दहलीज, घर की चौखट, अनाज गोदाम(3)
3. पश्चिमी अफ्रिका के उभार पर स्थित देश सेनेगल की यह राजधानी है (3)
4. 33 छोटे-छोट द्वीप वाला अरब देश बहरीन की यह राजधानी है (3)
6. दुर्भाग्यशाली, दुहागा, भाग्यहीन (5)
8. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
12. शरीफ का लड़का, आर्यपुत्र, कुलपुरूष (5)
14. जिसके शब्द के अंत में ई लगा हो (4)
16. फूल, लोहे का अर्धचंद्रकार टुकड़ा, कुमुद आदि फूलों की लंबी और खोखली नली (2)
20. कपोल, रूखसार, आरिज (2)
21. माता लक्ष्मीजी का एक नाम, शोभा, सम्मोहित, वशीकृत (2)

### वर्ग पहेली 5462 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ग्लै | ड | ■ | ए | क | ल | व्य |
| दौ | ■ | र | ज | त | प | ट | ■ |
| र | म | ना | ■ | बा | ट | ■ | ■ |
| ■ | त्र | ■ | ना | र | ■ | मा | न |
| हु | त | ■ | ह | क | त | ल | फी |
| कु | ■ | सी | क | र | ■ | दा | स |
| म | आ | र | ■ | ना | जि | र | ■ |
| त | ला | त | ल | ■ | क्र | ■ | शै |

# बचपन की दोस्ती

(ललित वर्मा)

बेस्ट फ्रेंड की स्पेलिंग तब नहीं आती थी, लेकिन तय कर लिया था कि बाबूलाल ही मेरा बेस्ट फ्रेंड है। हम जिस स्कूल में पढ़ते थे, उस वक्त शायद उसमें कुल बच्चे 150 भी नहीं होंगे। हमारे 8-9 परिवार आसपास रहते थे। उनके कई बच्चे तो हमउम्र थे ही, गली के भी कुछ हमउम्र बच्चे उसी स्कूल में थे। वजह थी माउथ पब्लिसिटी।



इसलिए जब हम स्कूल जाते थे तो 15-20 बच्चों का गैंग चल रहा होता था। मजाल है कोई आंख भी उठा ले उस तरफ। इसका फायदा पांचवीं-छठी क्लास तक खूब उठाया। जो आज शहर के रईस हो चुके हैं, उनकी तरफ आंख तरेर दिया करते थे, तो उनकी मजाल नहीं होती थी कि मैडम से शिकायत कर दें। हमने उन छोटी क्लासों में वह सब जीया था, जो आज पैरंट्स हो जाने के बाद अपने बच्चों के लिए सोचें, तो एक बार तो खून सूख जाता है। मैं तो खैर रिलेट कर लेता हूं, तो खुद को समझा लेता हूं कि बच्चे इतने भी बच्चे नहीं होते। टीवी या फिल्म का कोई डायलॉग इम्प्रेशन झाड़ने के लिए बोलना और गलत अंग्रेजी बोलकर अपनी भद पिटवाना तो बहुत साधारण बात थी, मैंने और बाबूलाल ने इससे ऊपर के कई कारनामे किए थे। सातवीं में हमने स्कूल छोड़ा। स्कूल अलग हुए तो धीरे-धीरे मिलना कम हुआ। ग्रैजुएशन तक शायद साल में एक-आध बार मिले, फिर मैं दिल्ली आ गया और वह घर बदलकर कहीं और नौकरी करने लगा। मतलब 25 साल से तो हम कतई नहीं मिले, न बात की। आज अचानक उसका मेसेज आया, राम-राम भाई, पहचान कौन? किसी से उसने मेरा नंबर जुगाड़ा था। डीपी पर फोटो देख मैं पहचान गया और फोन पर बात शुरू हुई। हर बार मिलने पर जो बातें सबसे पहले होती थीं, वही 25 साल बाद भी हुईं। न ये पूछना कि घर परिवार कैसा, न ये कि बाल बच्चे कैसे, न कुछ और। 'भाई, याद है तूने मुझे उसके साथ कमरे में बंद कर दिया था। याद है कैसे हम साथ निकला करते थे।' बचपन के सीक्रेट शेयर कर हम दोनों ही चहक रहे थे। फोन रखने के बाद पहला खयाल यही आया कि 30-35 साल हमने क्या किया, हमारे लिए कुछ मायने नहीं रखता। हमारे लिए वो बचपन की बातें आज भी सबसे कीमती हैं। जब कभी कोई मुझसे कहा करता था कि यार, बचपन के दोस्तों की बात ही कुछ और होती है, तो मैं उतना महसूस नहीं कर पाता था। उनसे इतने बरस बाद बात करना कैसा अनुभव है, ये जानना है तो आप भी ढूंढिए अपने किसी ऐसे दोस्त का नंबर, जिससे इतने साल से बात नहीं हुई है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज करियर में लाभ का दिन है और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्?न होगा। बेहतर होगा कि आप अपने काम में ज्यादा ध्यान दें। आज आपको खुद पर कंट्रोल करना पड़ सकता है। दिन के आरंभ में कुछ देर के लिए आपके ऊपर आलस्?य अधिक हावी रहेगा।

### वृषभ

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपका दिन काफी काफी बिजी शेड्यूल रहेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आप फायदे में भी रहेंगे। प्रफेशनल मामले में सावधानी बरतने से होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है।

### मिथुन

आज दिन काफी उत्?सुकता से भरा होगा और आपके पास दोपहर तक कोई काम की जानकारी आ सकती है और मन काफी प्रसन्?न होगा। स्टूडेंट अपना ज्यादा से ज्यादा ध्यान पढ़ाई में लगाएं तो फायदा मिलेगा।

### कर्क

आज दिन स्पेशल साबित हो सकता है। किसी एक ही तरकीब पर फोकस करें। करियर और कारोबार में अधिक प्रयोग करने से आपको नुकसान हो सकता है। आज कोई रिस्क वाला कदम न उठाएं।

### सिंह

आज दिन बहुत शानदार बीतेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्?न होगा। दिल में कोई बात या नया आइडिया हो तो फौरन आगे बढ़ें फायदा जरूर होगा। घर परिवार और रिश्तेदारों से पुराने गिले शिकवे दूर होंगे और भाग्?य आपका साथ देगा।

### कन्या

आज आपका दिन काफी बिजी कर देने वाला होगा। दिमाग से किए गए काम का फायदा होगा और इसकी खुशी होगी। पुराने समय से चली आ रही टेंशन भी कम हो जाएगी। अगर आप दूसरों की मदद करेंगे तो आपकी मदद करने वाले भी आएंगे।

### तुला

आज का दिन भाग्?यशाली रहेगा और आपको कोई खुशखबरी मिलने से प्रसन्?नता होगी। ऑफिस के साथी भी टीमवर्क से खुश होंगे। लेनदेन और बिजनस में खतरा हो सकता है। हेल्थ पर ध्?यान दें और इधर-उधर की बातों से अपना ध्?यान हटा दें।

### वृश्चिक

आज लाभ और सफलता प्राप्?त होगी और आपको दिन के पहले हिस्से में काफी मेहनत करनी पड़ सकती है और इस कारण से आपकी दौड़भाग अधिक रहेगी। शाम तक मुनाफे के कई मौके आएंगे। घूमने फिरने के मौके जब भी आते हैं आप हमेशा तैयार रहते हैं। ऐसा ही मौका आज शाम को भी है।

### धनु

आज आपका पूरा दिन खुशी में बीतेगा। आपका टाइम अच्छा है इसका पूरा फायदा उठाएं। ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें। वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपकी कई इच्छाएं आज पूरी होंगी। घूमने फिरने से कोई जरूरी कम बन सकता है। किसी अभियान में आपकी जीत हो सकती है।

### मकर

आज दिन भर सावधानी के साथ काम करें। आपकी किसी से अनबन न हो इस बात का ध्यान रखें। कामकाज में स्थितियां बेहतर होंगी और आपका मुनाफा काफी अच्?छी होगा। शादीशुदा जिंदगी में भी आप काफी प्रसन्?न रहेंगे। दिन भर काम करने लायक बहुत से काम हैं।

### कुंभ

आज लाभ का दिन है। टीमवर्क से काम करने वाला दिन है। ऑफिस में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। बातचीत से कोई नया फायदे का आइडिया आ सकता है। दोस्त के लिए तोहफा खरीदते वक्त आपकी जेब का ख्याल रखें और किसी के साथ फालतू बातें न करें।

### मीन

आज दिन काफी धीमा हो सकता है। कोशिश जारी रखें तो अटके हुए काम भी बन जाएंगे। सतर्क होकर अपने काम में जुट जाएं शायद यह संघर्ष का आखिरी दौरा होगा। बाहर फिजूलखर्ची करने के बजाय घरवालों के साथ समय गुजारें क्योंकि आज आपके खर्च वैसे ही ज्यादा होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांवड़ियों से भरी पिकअप खड़े कंटेनर से टकराई, तीन की मौत, 17 घायल



**कौशांबी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में आज सुबह कांवड़ियों से भरी पिकअप गाड़ी खड़े कंटेनर से भिड़ गई. इस हादसे में मौके पर ही महिला सहित तीन कांवड़ियों की मौत हो गई. जबकि, दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल हो गए. इसमें 6 कांवड़ियों की हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया. सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया. डीएम, एसपी सहित अन्य अधिकारी भी घटनास्थल पहुंचे और हालात का जायजा लिया. फिलहाल, पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है. हादसे की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया. घटना सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलमीपुर नेशनल हाईवे 2 की है. सुबह लगभग 6 बजे यह दर्दनाक हादसा हुआ. सभी लोग छत्तीसगढ़ के जिला बलरामपुर के रहने वाले हैं. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, तकरीबन 21 कांवड़िये एक पिकअप गाड़ी में सवार होकर वृंदावन दर्शन करने गए हुए थे. आज सभी वहां से वापस घर लौट रहे थे. जैसे ही इनकी पिकअप गुलामीपुर नेशनल हाईवे के पास पहुंची सामने खड़े कंटेनर गाड़ी से भिड़ गई. हादसा इतना भीषण था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए. इस सड़क दुर्घटना में 58 वर्षीय आरती देवी, 65 वर्षी मुन्नी पाल और 67 वर्षीय फेकू की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में 17 लोग घायल भी हो गए. चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे. सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से सीएचसी सिराथू पहुंचाया. जहां से कुछ मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### सरकार संविधान की मंशा के हिसाब से सेक्युलरिज्म का करे पालन : मायावती

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि सरकार संविधान की मंशा के हिसाब से सेक्युलरिज्म का पालन करे। बसपा मुखिया मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि पीएम द्वारा कल 15 अगस्त को लाल किले से बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर द्वारा सभी धर्मों का एक-समान सम्मान के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की संवैधानिक व्यवस्था को 'कम्युनल' कहना क्या उचित है? सरकार संविधान की मंशा के हिसाब से सेक्युलरिज्म का पालन करे, यही सच्ची देश भक्ति व राजधर्म है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं बल्कि पीएम द्वारा देश की अपार गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन आदि की ज्वलंत राष्ट्रीय समस्याओ पर इससे प्रभावित करीब सवा सौ करोड़ लोगों में उम्मीद की कोई नई किरण नहीं जगा पाना भी कितना सही है? लोगों के 'अच्छे दिन' कब आयेंगे? ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त के अपने भाषण में यूनिवर्सल सिविल कोड यानी कि समान सिविल संहिता पर कहा अभी तक देश में जो कानून है वो कम्युनल सिविल कोड है, इसलिए देश को सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि जो कानून धर्म के नाम पर बांटते हैं, उन्हें दूर किया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा हमारे देश का संविधान जोर देता है कि देश में समान सिविल संहिता की व्यवस्था होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट भी कहता रहा है कि देश में समान सिविल संहिता लागू किया जाए।

### स्वतंत्रता को हल्के में न लें, बांग्लादेश का हाल देख रहे हैं न- मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने स्वतंत्रता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हुई हाल की घटनाएं इन अधिकारों के मूल्य की याद दिलाती हैं। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, ''स्वतंत्रता दिवस हमें देश के लोगों के एक-दूसरे के प्रति तथा राष्ट्र के प्रति संविधान के सभी मूल्यों को साकार करने के कर्तव्यों की याद दिलाता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, ''आज बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, वह स्पष्ट रूप से याद दिलाता है कि हमारे लिए स्वतंत्रता कितनी मूल्यवान है। स्वतंत्रता को हल्के में लेना बहुत आसान है, लेकिन अतीत की घटनाओं को समझना महत्वपूर्ण है, ताकि हमें याद रहे कि ये चीजें कितनी जरूरी हैं। प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाओं को लेकर भारत में बढ़ती चिंताओं के बीच आई है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कई सप्ताह तक चले हिंसक प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को इस्तीफा दे दिया था और देश छोड़कर चली गई थीं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कई वकीलों ने अपना कानूनी पेशा छोड़ दिया और राष्ट्र के लिए खुद को समर्पित कर दिया। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मैं आप सभी को, हमारे पत्रकार साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आपके माध्यम से मैं पूरे देश को, विशेषकर कानून से जुड़े लोगों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''यह हमें एक-दूसरे के प्रति और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाने का दिन है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी ध्वजारोहण के समय उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि संविधान सबसे ऊपर है। मंत्री ने कहा, ''प्रधान न्यायाधीश ने कुछ दिन पहले कहा था कि संविधान सबसे ऊपर है।

# लाल किले से बोले प्रधानमंत्री मोदी: यह भारत का स्वर्णिम कालखंड है, यह मौका जाने नहीं देना है

## 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार 11वीं बार लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार 11वीं बार लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित किया. इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया और साथ में 2047 तक विकसित भारत बनाने के अपने संकल्प को भी दोहराया. पीएम मोदी ने कहा,जब लाल किले से कहा जाता है कि देश के 18 हजार गांव में समय सीमा के अंदर बिजली पहुंचाएंगे और वो काम हो जाता है तो भरोसा मजबूत हो जाता है. यह भारत का स्वर्णिम कालखंड है, यह मौका जाने नहीं देना है. आजादी के नायकों को नमन करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आजादी के दीवानों ने हमें स्वतंत्रता की सांस लेने का सौभाग्य दिया है.ये देश उनका ऋृणी है.ऐसे हर महापुरुष के प्रति हम अपना श्रद्धाभाव व्यक्त करते हैं

**हमने चुना रिफॉर्म का मार्ग- पीएम :** अपनी सरकार द्वारा किए सुधारों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हमने रिफॉर्म का मार्ग का मार्ग चुना, मैंदेशवासियो को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि देश के प्रति हमारी जो प्रतिबद्धता है, वो पिंक पेपर के एडिटोरिएल के लिए सीमीत नहीं है. हमारे रिफॉर्म्स की प्रतिबद्धता चार दिन की वाह-वाही के लिए नहीं है. हमारी रिफॉर्म की प्रक्रिया किसी मजबूरी में नहीं बल्कि देश को मजबूती देने के इरादे से हैं. प्रधानमंत्री ने कहा,मैं आज कह



सकता हूं कि रिफॉर्म का हमारा मार्ग, एक प्रकार से ग्रोथ की ब्लूप्रिंट बनी हुई है. ये हमारा रिफॉर्म, ये ग्रोथ, ये बदलाव, ये सिर्फ विशेषज्ञों के लिए चर्चा का विषय नहीं है. साथियों हमने राजनीतिक मजबूरी के कारण नहीं किया है. हम जो भी कर रहे हैं, वो राजनीति का गुणा भागा करके नहीं सोचते हैं. हमारा एक ही संकल्प होता है नेशन फर्स्ट. नेशन फर्स्ट, राष्ट्रहित सुप्रीम, ये मेरा भारत महान बने इसी संकल्प को लेकर हम कदम उठाते हैं. जब रिफॉर्म की बात आती है तो एक लंबा परिवेश है. अगर मैं उसकी चर्चा में चला जाऊंगा तो शायद घंटों निकल जाएंगे. बैंकिंग क्षेत्र में हुए सुधार इसका एक उदाहरण हैं. हमने बैंकिंग सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए अनेक सुधार किए हैं.

**देश को नई ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं :** प्रधानमंत्री ने कहा किही में प्राकृतिक आपदाओं के उभरने से हम सभी की चिंताएं बढ़ गई हैं. मैं प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं और उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस चुनौतीपूर्ण समय में राष्ट्र उनके साथ खड़ा है. पीएम मोदी ने कहा, आज जो महानुभाव राष्ट्र रक्षा के लिए पूरी लगन से, पूरी प्रतिबद्धता के साथ देश की रक्षा भी कर रहे हैं और देश को नई ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास भी कर रहे हैं. वो हमारे किसान हैं, हमारे जवान हैं, हमारे नौजवानों के हौसले हैं, हमारी माताओं-बहनों का योगदान है, दलित-शोषित-वंचित-पीड़ित हैं. गुलामी का इतना लम्बा कालखंड, जुल्मी शासक, अपरंपार यातनाएं, सामान्य से सामान्य मानवीयों का विश्वास तोड़ने की हर तरकीबें, उसके बावजूद भी, उस समय की जनसंख्या के हिसाब से करीब 40 करोड़ देशवासी आजादी के पूर्व 40 करोड़ देशवासियों ने वो जज्बा दिखाया, वो सामर्थ्य दिखाया, एक सपना ले करके चले, एक संकल्प ले करके चलते रहे, जूझते रहे; एक ही स्वर था वंदे मातरम्, एक ही सपना था भारत की आजादी का. 40 करोड़ देशवासियों ने, और हमें गर्व है की हमारी रगों में उन्हीं का खून है. वो हमारे पूर्वज थे, सिर्फ 40 करोड़. 40 करोड़ लोगों ने दुनिया की महा सत्ता को उखाड़ करके फेंक दिया था, गुलामी की जंजीरों को तोड़ दिया था. अगर हमारे पूर्वज, जिनका खून हमारी रगों में है, आज हम तो 140 करोड़ हैं. अगर 40 करोड़ गुलामी की बेड़ियों को तोड़ सकते हैं, अगर 40 करोड़ आजादी के सपने को पूर्ण कर सकते हैं, आजादी ले करके रह सकते हैं तो 140 करोड़ देश के मेरे नागरिक, 140 करोड़ मेरे परिवारजन अगर संकल्प ले करके चल पड़ते हैं, एक दिशा निर्धारित करके चल पड़ते हैं, कदम से कदम मिलाकर, तो चुनौतियां कितनी भी क्यों न हों, अभाव की मात्रा कितनी ही तीव्र क्यों न हो, संसाधनों के लिए जूझने की नौबत हो तो भी, हर चुनौती को पार करते हुए हम समृद्ध भारत बना सकते हैं. हम 2047 विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं. अगर 40 करोड़ देशवासी अपने पुरुषार्थ से, अपने समर्पण से, अपने त्याग से, अपने बलिदान से आजादी दे सकते हैं, 140 करोड़ देशवासी उसी भाव से समृद्ध भारत भी बना सकते हैं. एक समय था जब लोग देश के लिए मरने के लिए प्रतिबद्ध थे और आजादी मिली. आज ये समय है देश के लिए जीने की प्रतिबद्धता का. अगर देश के लिए मरने की प्रतिबद्धता आजादी दिला सकती है तो देश के लिए जीने की प्रतिबद्धता समृद्ध भारत भी बना सकती है. विकसित भारत 2047, ये सिर्फ भाषण के शब्द नहीं हैं, इसके पीछे कठोर परिश्रम चल रहा है. देश के कोटि-कोटि जनों के सुझाव लिए जा रहे हैं और हमने देशवासियों से सुझाव मांगे. और मुझे प्रसन्नता है कि मेरे देश के करोड़ों नागरिकों ने विकसित भारत 2047 के लिए अनगिनत सुझाव दिए हैं।

### बेटे के लिए छोड़ेंगे बारामती सीट, अहमदनगर जिले के कर्जत-जामखेड से चुनाव लड़ सकते हैं अजीत पवार

**बारामती, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता अजीत पवार ने आगामी विधानसभा चुनाव बारामती से न



लड़ने और इसके बजाय अपने बेटे जय पवार को पारंपरिक गढ़ से मैदान में उतारने का संकेत दिया है। उन्होंने अंतिम निर्णय पार्टी कार्यकर्ताओं और एनसीपी के संसदीय बोर्ड पर छोड़ दिया है। पुणे में मीडिया से बात करते हुए अजीत पवार ने कहा कि बारामती से उनके बेटे की संभावित उम्मीदवारी जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, मुझे चुनाव लड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैंने सात से आठ चुनाव लड़े हैं। अगर जय के बारे में जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग है तो एनसीपी का संसदीय बोर्ड फैसला लेगा। जो भी फैसला होगा हम उसका सम्मान करेंगे।

**अजीत पवार किस सीट से लड़ेंगे चुनाव :** रिपोर्टों के अनुसार, वह अहमदनगर जिले के कर्जत-जामखेड निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़कर रणनीतिक कदम उठा सकते हैं। यह मौजूदा विधायक रोहित पवार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी, जिन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के राम शिंदे को हराकर सीट जीती थी। अजीत पवार के कर्जत-जामखेड से चुनाव लड़ने की संभावना रोहित पवार के ट्वीट के बाद तेज हो गई है। उनका यह ट्वीट अजीत पवार द्वारा एक इंटरव्यू में सार्वजनिक रूप से स्वीकार किए जाने के बाद आया है कि बारामती में सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी को मैदान में उतारना एक गलती थी। इस स्वीकारोक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए रोहित पवार ने कहा, मुझे यकीन था कि सुप्रिया ताई के खिलाफ सुनेत्रा काकी को मैदान में उतारने का फैसला दादा का नहीं था। आपने एक साक्षात्कार में स्वीकार किया है कि यह एक गलती थी, लेकिन आपके सहयोगी कहते रहते हैं कि यह दादा का फैसला था। हालांकि आप इसे गलती कहते हैं, लेकिन वास्तव में यह दिल्ली में बैठे गुजरात के नेताओं के दबाव के कारण था। अब, विधानसभा चुनावों के लिए मेरे निर्वाचन क्षेत्र को लेकर आप पर भी इसी तरह के दबाव की बात हो रही है। इस ट्वीट ने अटकलों को हवा दी है कि अजीत पवार कर्जत-जामखेड से चुनाव लड़ सकते हैं। इससे पवार परिवार के भीतर ही एक महत्वपूर्ण चुनावी लड़ाई की स्थिति बन गई है।

### सितंबर में अमेरिका की यात्रा पर जा सकते हैं राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहला विदेशी दौरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सितंबर में अमेरिका जाने की संभावना है. मीडिया रिपोर्ट्स में इसकी जानकारी दी गई है. अमेरिका में उनके भारतीय प्रवासियों, छात्रों और सांसदों से मिलने की उम्मीद है. लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद से यह राहुल गांधी की पहली विदेश यात्रा होगी. जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी सितंबर के दूसरे हफ्ते में अमेरिका के लिए रवाना हो सकते हैं जहां उनके 8 से 9 दिनों तक रहने की संभावना है. राहुल का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार अपने चरम पर है.

**बतौर नेता प्रतिपक्ष पहली विदेश यात्रा :** नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल की यह पहली विदेश यात्रा होगी. लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद 2014 से 2024 तक खाली रहा. ऐसा इसलिए था क्योंकि उस अवधि के दौरान किसी भी विपक्षी दल के पास इस पद को हासिल करने के लिए पर्याप्त सांसद नहीं थे. हालांकि, हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी की सीटों की संख्या 99 पहुंचने के बाद 25 जून, 2024 को राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया था. इससे पहले राहुल गांधी पिछले साल जून 2023 में अमेरिका की यात्रा पर गए थे. उन्होंने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय छात्रों के साथ बातचीत की थी।

## राहुल गांधी को लाल किले पर 5वीं लाइन में क्यों बिठाया, ओलंपिक विजेता बने वजह?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि लाल किले पर हुए स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बेहद पीछे बिठाया गया। कांग्रेस ने कहा कि राहुल को पीछे बैठाना प्रधानमंत्री की कुंठा को दिखाता है और यह दर्शाता है कि सरकार को लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की कोई परवाह नहीं है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि यह सिर्फ नेता प्रतिपक्ष के पद का अपमान नहीं था, बल्कि भारत के लोगों का अपमान था, जिनकी आवाज राहुल गांधी संसद में उठाते हैं।

एक दशक में यह पहली बार था जब स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए विपक्ष का कोई नेता लाल किले पर मौजूद था। राहुल गांधी को 5वीं लाइन में बैठे देखा गया था। उनसे आगे हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक खेलों के भारतीय दल के सदस्य बैठे थे। हालांकि अब इस मामले पर केंद्र सरकार ने सफाई दी है। इस कार्यक्रम का आयोजन करने वाले रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के हवाले से सूत्रों ने कहा सभी कि बैठने की सभी व्यवस्थाएं वरीयता तालिका के अनुसार की गईं थीं। इस वर्ष यह निर्णय लिया गया कि पेरिस ओलंपिक के पदक विजेताओं को स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इसलिए आगे की पंक्तियों में मनु भाकर और सरबजोत सिंह जैसे ओलंपिक पदक विजेता बैठे थे। ओलंपिक कांस्य विजेता हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पीआर श्रीजेश सहित टीम के सदस्य भी राहुल गांधी से आगे बैठे थे। प्रोटोकॉल के अनुसार, लोकसभा में विपक्ष के नेता को हमेशा आगे की पंक्ति में सीट दी जाती है। आगे की पंक्ति में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और केंद्रीय मंत्री



निर्मला सीतारमण, शिवराज सिंह चौहान, अमित शाह और एस जयशंकर जैसे केंद्रीय मंत्री बैठे थे। हालांकि लोकसभा में विपक्ष के नेता का दर्जा भी कैबिनेट मंत्री के बराबर होता है। वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी जी, अब समय आ गया है कि आप 4 जून के बाद नयी वास्तविकता को स्वीकार करें। जिस अहंकार के साथ आपने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लोकसभा नेता राहुल गांधी जी को अंतिम पंक्ति में भेज दिया, उससे पता चलता है कि आपने सबक नहीं सीखा है। उन्होंने दावा किया, रक्षा मंत्रालय की यह कमजोर दलील है कि यह ओलंपियनों (ओलंपिक प्रतिभागियों) के सम्मान के लिए था। इसका कोई ज्यादा मतलब नही है। ओलंपियन हर तरह से सम्मान के पात्र हैं, लेकिन मुझे आश्चर्य है कि अमित शाह या निर्मला सीतारमण जी जैसे कैबिनेट मंत्रियों को उनसे आगे की पंक्ति में सीटें कैसे मिल जाती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार, दोनों सदनों के एलओपी को भी आगे की पंक्ति में बैठना चाहिए, ''लेकिन राहुल जी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सीटें 5वीं पंक्ति में थीं। यह सिर्फ नेता प्रतिपक्ष या राहुल जी के पद का अपमान नहीं था; यह भारत के लोगों का अपमान था, जिनकी आवाज़ राहुल जी संसद में उठाते हैं। वेणुगोपाल ने कहा, यह आश्चर्यजनक है कि सच्चाई कुछ लोगों को कितनी असहज कर सकती है - इतना कि वे इसका सामना करने के बजाय बैठने की जगह को फिर से व्यवस्थित करना पसंद करेंगे।

## हिमाचल के दो जिलों में बाढ़ की चेतावनी, 21 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट, इस सीजन 201 की मौत

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की आफत अभी टली नहीं है। राज्य के कई हिस्सों में मूसलाधार वर्षा हुई है। कांगड़ा, सिरमौर और बिलासपुर जिलों में बीती रात जम कर बादल बरसे। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर अन्य सभी 10 जिलों में भारी वर्षा की आशंका जताई है। कांगड़ा और चम्बा जिलों में बाढ़ आने का खतरा जताते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। आगामी 21 अगस्त तक राज्य के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने गुरूवार को बताया कि बारिश से अभी राहत मिलने के आसार नहीं हैं। कांगड़ा और चम्बा जिलों में अगले 24 घण्टों के दौरान बाढ़ आने की आशंका है। आगामी 21 अगस्त तक राज्य के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने लोगों व बाहर से आने वाले सैलानियों को नदी-नालों से दूरी बनाने की हिदायत दी है।

**बारिश से तापमान में गिरावट :** उन्होंने बताया कि बीती रात कांगड़ा में सर्वाधिक 155 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड हुई



है। इसके अलावा धर्मशाला में 150, पालमपुर में 143, नाहन में 119, नैना देवी में 78, जोत में 69, देहरा गोपीपुर में 67, पांवटा साहिब में 48 और सलापड में 37 मिमी वर्षा हुई है। राजधानी शिमला में भी रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। बारिश से राज्य के औसतन न्यूनतम तापमान में 2.1 डिग्री की गिरावट आई है।

**भूस्खलन से दो नेशनल हाईवे व 126 सड़कें बंद :** भारी बारिश से कई स्थानों पर भूस्खलन होने से सड़कें अवरुद्ध हैं और लोगों को आवागमन में दिक्कत आ रही है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक गुरूवार की सुबह दो नेशनल हाइवे और 126 सड़कें भूस्खलन से अवरुद्ध रहीं। शिमला में 76, मंडी में 18, कुल्लू में 13, सिरमौर में आठ, कांगड़ा में पांच, किन्नौर में तीन, लाहौल स्पीति में दो और चम्बा में एक सड़क बाधित है। किन्नौर में एनएच-5 और सिरमौर में एनएच-707 भी बंद पड़ा है।

इसके अलावा 105 बिजली ट्रांसफार्मर और 47 पेयजल स्कीमें भी ठप हैं। चम्बा में 48 और मंडी में 43 ट्रांसफार्मरों के बंद होने से बिजली गुल है। चम्बा में 21 और कुल्लू में 18 पेयजल स्कीमें बंद हैं और इन जिलों में पेयजल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। मॉनसून से राज्य में अब तक 1008 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसमें लोकनिर्माण विभाग को सर्वाधिक 470 करोड़ और जलशक्ति विभाग को 466 करोड़ का नुकसान शामिल है।

## बेऊर जेल से रिहा हुए बाहुबली अनंत सिंह, बोले- बाहर आकर बढ़िया लग रहा है

**पटना, एजेंसी।** बाहुबली नेता एवं मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह पटना के बेऊर जेल से बाहर आ गए हैं. शुक्रवार सुबह करीब 5.00 बजे वह जेल से बाहर निकले. एंबुलेंस में जेल से बाहर निकलने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमें न्याय मिला और जेल से बाहर आकर बढ़िया लग रहा है. बुधवार को ही पटना हाईकोर्ट से उन्हें बड़ी राहत मिली थी और एके-47 केस में उन्हें सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था. इस मामले में पटना की सिविल कोर्ट ने उन्हें कुछ साल पहले ही गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत 10 साल जेल की सजा सुनाई थी.

बुधवार को जैसे ही हाईकोर्ट का फैसला आया तो विधायक अनंत सिंह के समर्थकों में खुशी की लहर छा गई. इस दौरान उनके एक उत्साही समर्थक ने उनके घोड़े को भी रसगुस्सा खिला दिया. इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है.

इससे पहले, लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें मई महीने में पैरोल दी गई थी और वह 15 दिन की पैरोल पर बाहर आए थे. इस दौरान उन्होंने अपने इलाके में जेडीयू के ललन सिंह के चुनाव प्रचार भी किया था और दावा किया था कि ललन सिंह 4 लाख वोटों से जीतेंगे. अनंत सिंह मोकामा से लगातार चार बार विधायक रहे हैं लेकिन दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य ठहराया गया था.

**इस मामले में ठहराए गए थे दोषी :** अनंत सिंह को ये सजा 2019 के मामले में मिली थी. साल 2019 में पुलिस ने अनंत सिंह के घर पर छापेमारी की थी. घंटों चली इस रेड के बाद पुलिस ने दावा किया था कि अनंत सिंह के घर से एके-47 बरामद हुई थी. इस चर्चित मामले में अनंत सिंह ने कई दिन तक फरार भी रहे थे. अनंत सिंह ने तीन-चार दिन बिहार पुलिस को चकमा देने के बाद दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में सरेंडर कर दिया था. साल 2022 में कोर्ट ने दोषी करार दिया था. इसके बाद उन्होंने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया और अब इस मामले में हाईकोर्ट ने उन्हें सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है.

**कभी नीतीश के बेहद करीबी रहे अनंत सिंह :** कभी नीतीश कुमार के बेहद खास रहे अनंत सिंह बाद में राजनीतिक कारणों से सीएम से दूर होते चले गए. एक बार उन्होंने नीतीश कुमार का चांदी के सिक्कों से तौल कर सम्मान किया था. 2015 विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अनंत सिंह बागी हो गए थे. उन्होंने मोकामा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ा और जेल में रहते हुए जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार को हरा दिया था. एक समय अनंत की तल्खी भरी टिप्पणियां खूब सुर्खियों में रहीं थीं. अनंत और नीतीश के बीच रिश्ते भी उतार-चढ़ाव भरे वाले देखने को मिलते रहे हैं।

## धीरे-धीरे चाचा शरद के ही एजेंडे पर लौट रहे अजित पवार? जाति जनगणना और आरक्षण पर कह दी बड़ी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुछ दिन पहले बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ पत्नी सुनेत्रा पवार को लोकसभा चुनाव में उतारने को अपनी भूल बताने वाले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं, जिससे सियासी हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। गुरूवार को अजित पवार ने मराठा कोटा मुद्दे पर चर्चा के लिए राज्य में एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की वकालत की है। तीन दिन पहले उनके चाचा और वरिष्ठ नेता शरद पवार ने भी इसी तरह इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की बात कही थी।

अजित पवार ने अपनी 'जन सम्मान यात्रा' के दौरान 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा कि विपक्षी दलों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि वे भी लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, ''मराठा कोटा कार्यकर्ता मनोज जरांगे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत कोटा चाहते हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कोटा मुद्दे पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई थी लेकिन विपक्ष दूर रहा। मुझे नहीं पता कि बहिष्कार जानबूझकर किया गया था। अजित पवार ने कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए उनके और उनके चाचा शरद पवार के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है क्योंकि वे अपना-अपना चुनाव अभियान चला रहे हैं। समाचार एजेंसी, ह्ढ्ढ को दिए एक अलग इंटरव्यू में उन्होंने चाचा पवार के इंडिया गठबंधन की जाति जनगणना की मांग का



भी समर्थन किया और कहा कि एकबार यह हो ही जाना चाहिए। इससे झंझट ही खत्म हो जाएगा। बता दें कि जिस गठबंधन में अजित पवार हैं यानी महायुति, जिसमें भाजपा सबसे बड़ी साझेदार पार्टी है, अजित पवार ने उसका समर्थन कर दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद से ही अजित पवार संघ के निशाने पर रहे हैं। संघ की तरफ से कहा जा चुका है कि अजित पवार के साथ गठबंधन करने की वजह से ही लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में एनडीए को नुकसान उठाना पड़ा है। माना जा रहा है कि तब से अजित पवार की पार्टी महायुति गठबंधन में हाशिए पर चली गई है। हालांकि, अजित पवार इससे इनकार कर रहे हैं और कह रहे हैं कि महायुति के तीनों घटक दल मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और फिर से राज्य में सरकार बनाएंगे। 20 अगस्त से महायुति की संयुक्त रैली भी होने जा रही है। दूसरी तरफ सीटों के बंटवारे समेत अन्य मुद्दों पर पवार और सीएम शिंदे के बीच दरार भी बढ़ती जा रही है। इन सबको देखते हुए इस बात की भी चर्चा है कि अजित पवार एनसीपी में चाचा के नेत-त्व में घर वापसी कर सकते हैं। ह्ढ्ढ के इंटरव्यू में उन्होंने इस पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था। बहरहाल, अजित पवार को उम्मीद है कि उनके द्वारा बजट में शुरू की गई 'मुख्यमंत्री लाडकी बहन योजना' से आगामी विधान सभा चुनावों में उन्हें और महायुति को लाभ मिलेगा।

## वीवीएस लक्ष्मण बने रहेंगे एनसीए के प्रमुख

- एक साल के लिए बढ़ा कार्यकाल, आईपीएल कोच का ऑफर ठुकराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वीवीएस लक्ष्मण ने साल 2021 में एनसीए प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली थी, इस साल के सितंबर में उनका कार्यकाल खत्म् हो रहा है।

पूर्व भारतीय बैटर वीवीएस लक्ष्मण नेशनल क्रिकेट एकेडमी के प्रमुख बने रहेंगे। उनका कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया जाएगा। लक्ष्मण का तीन साल का करार अगले महीने सितंबर में समाप्त हो रहा है। इससे पहले यह कहा जा रहा था कि अगले साल के आईपीएल सीजन के लिए वह किसी फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच बन सकते हैं। लक्ष्मण ने इन सभी संभावनाओं को नकार कर एनसीए प्रमुख के रूप में कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। उनके साथ उनके सहयोगियों सितांशु कोटक, साईराज बहुतुले और ऋषिकेश कानितकर का भी कार्यकाल बढ़ाया जाएगा।

नेशनल क्रिकेट एकादमी अब नए कैम्पस में शिफ्ट होगा। पहले यह चिन्नास्वामी स्टेडियम में संचालित किया जा रहा था। इस अत्याधुनिक एनसीए परिसर में कम से कम 100 पिच होंगी, जिसमें 45 इनडोर पिच शामिल हैं। तीन अंतरराष्ट्रीय आकार के मैदान, एक आधुनिक पुनर्वास केंद्र, आवास सुविधाएं और ओलिंपिक आकार के पूल के अलावा कई अन्य सुविधाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ये सारे काम अपने आखिरी स्टेज में है। खिलाड़ियों को ये सारी सुविधा अगले साल की शुरुआत से मिलने की संभावना है।

## मुझे कोई उम्मीद नहीं है- बांग्लादेश टेस्ट सीरीज आते ही सरफराज खान बोले



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के 26 वर्षीय मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान ने कहा है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ डैब्यू सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज के लिए सिलेक्शन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। सरफराज को घरेलू क्रिकेट में सनसनीखेज प्रदर्शन करने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह मिली थी। तभी विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर टेस्ट टीम में नहीं थे जिसका फायदा सरफराज को मिला था।

सरफराज खान ने इंग्लैंड के खिलाफ 2 तेज अर्धशतक (62 और 68*) बनाकर अपने पहले गेम को यादगार बना दिया। दूसरे टेस्ट में वह (14 और 0) विफल रहे। लेकिन पांचवें और अंतिम टेस्ट में उन्होंने शानदार अर्धशतक (56) लगाया। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज खेलनी है। पहला टेस्ट 19 सितंबर से तो दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से क्रमशः चेन्नई और कानपुर में होगा।

सरफराज खान के सामने अब एक ही रास्ता बचा है कि वह विराट कोहली और केएल राहुल की टीम इंडिया में वापसी के बाद

### रिकी पॉन्टिंग का दावा

# सचिन तेंदुलकर का सपना रह जाएगा अधूरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सचिन तेंदुलकर ने अपने 24 साल के करियर में कई रिकॉर्ड्स बनाए. सबसे ज्यादा शतक हो या रन उन्होंने क्रिकेट के लगभग सभी रिकॉर्ड्स अपने नाम किए. उन्होंने 463 वनडे मैच में 18426 रन बनाए, वहीं 200 टेस्ट मैच में 15921 रन बनाए. इन दोनों फॉर्मेट में उन्होंने कुल 100 शतक और 164 अर्धशतक जड़े हैं.

इसके अलावा भी उन्होंने अपने करियर में कई बड़े कमाल किए. मुंबई में एक फंक्शन के दौरान सचिन ने इच्छा जताई थी कि उनके इन रिकॉर्ड्स को कोई भारतीय खासतौर से विराट कोहली या रोहित शर्मा तोड़े. हालांकि, रिकी पॉन्टिंग कुछ अलग विचार रखते हैं. उन्होंने हाल ही में एक बड़ा दावा किया है, जो सच साबित हुआ तो सचिन का सपना अधूरा रह जाएगा.





### सचिन से कौन कितना दूर?

जो रुट फिलहाल 33 साल के हैं. वो 143 टेस्ट मैच के 261 पारियों में 50.11 की औसत से 12 हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं. इसमें 32 शतक भी शामिल है. अब वो सचिन के रिकॉर्ड से करीब 4 हजार रन दूर हैं.

वहीं दूसरी ओर विराट 34 साल के हैं और टेस्ट में अभी तक 113 मैच खेले हैं, जिसमें 8848 रन बनाए हैं. उन्हें सचिन की बराबरी करने के लिए लगभग 7 हजार रन बनाने होंगे.

इसके अलावा 37 साल के रोहित शर्मा अभी 59 टेस्ट मुकाबलों में 4137 रन ही बना सके हैं. इन आंकड़ों को देखकर साफ पता चलता है कि तीनों बल्लेबाजों में सचिन के सबसे नजदीक जो रुट हैं. ऐसे में रिकी पॉन्टिंग की बात सच साबित होती दिख रही है. अगर ऐसा हुआ तो सचिन का सपना अधूरा रह जाएगा.

### क्या है पॉन्टिंग का दावा?

विराट कोहली पहले ही वनडे में 50 शतक लगा चुके हैं. 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के दौरान उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ा था. उस वक्त 'लिटिल मास्टर' भी वहीं मौजूद थे और विराट के लिए जमकर तालियां बजाई थीं. लेकिन टेस्ट मैच में वो सचिन के आसपास भी नहीं दिखते हैं. वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रुट तेजी से इस फॉर्मेट में शतक और रन बना रहे हैं. इसी को देखते हुए रिकी पॉन्टिंग ने दावा किया है कि वो टेस्ट में सचिन से भी ज्यादा रन बना सकते हैं. हालांकि, इसके लिए उन्हें मौजूदा फॉर्म और रनों की भूख को अगले 4 सालों तक जारी रखना होगा.

### दक्षिण अफ्रीका वर्सेस वेस्टइंडीज टेस्ट

## अफ्रीका 160 रन पर ढेर, शमर जोसेफ के 5 विकेट



**गुआना, एजेंसी।** गुआना के मैदान पर विंडीज तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने पांच विकेट लेकर साऊथ अफ्रीका को दूसरे टेस्ट के पहले ही दिन 160 पर ढेर कर दिया। प्रोविडेंस स्टेडियम में चल रही तेज हवाओं के बीच शमर के अलावा जेडन सील्स की गेंदें दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूट पड़ी। अफ्रीका के लिए ट्रिस्टन स्टंब्स, डेविड, काइल और डेन ही 20 से ज्यादा रन बना पाए। शमर जोसेफ ने महज 33 रन देकर 5 विकेट लीं।

### दक्षिण अफ्रीका-160 (54 ओवर)

दक्षिण अफ्रीका की ओर से ऐडन मार्करम और टोनी ने ओपनिंग की। लेकिन चौथे ही ओवर में जेडन सील्स ने टोनी को बोल्ड कर दिया। 11वें ओवर में ऐडन भी 14 रन बनाकर शमर की गेंद पर बोल्ड हो गए। कप्तान बावुमा 0 पर आऊट हो गए। इस दौरान ट्रिस्टन स्टंब्स 26, डेविड 28, काइल 21 रन ही बना पाए। वियान मुल्डर 0, केशव महाराज 0, कागिसो रबाडा 0 पर आऊट हो गईं। अंत में डेन पीड्ट ने 38 तो नार्दे बर्गर ने 23 रन बनाकर स्कोर 160 तक पहुंचा दिया। शमर जोसेफ ने महज 33 रन देकर 5 विकेट लीं जबकि जेडन सील्स ने 3 विकेट लीं।

### • कभी सुरक्षा गार्ड था शमर जोसेफ

विंडीज तेज गेंदबाज शमर जोसेफ गुयाना के रहने वाले हैं। उन्होंने गुयाना के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला। उन्होंने जनवरी 2024 में एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। अपने पेशेवर क्रिकेट करियर से पहले, उन्होंने एक सुरक्षा गार्ड के रूप में काम किया।

वह ऐसे गांव में पला पढ़ा जहां पर इंटरनेट सुविधा या टेलीफोन कनेक्शन नहीं थे। जोसेफ ने अपने टेस्ट करियर की पहली गेंद पर एक विकेट भी लिया जब उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को 12 रन पर आउट कर दिया।

### बीसीसीआई ने

# महिला टी20 विश्व कप की मेज़बानी का प्रस्ताव ठुकराया

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की तरफ़ से दिए गए महिला टी 20 विश्व कप की मेज़बानी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।आईसीसी को अब मेज़बानी पर अंतिम फ़ैसला 20 अगस्त को लेना है। 3 से 20 अक्तूबर के बीच होने वाली इस प्रतियोगिता की मेज़बानी से पीछे हटने के बाद श्रीलंका और यूएई दूसरे विकल्प बचे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा, उन्होंने (आईसीसी ) हमारे सामने विश्व कप की मेज़बानी का प्रस्ताव रखा था। लेकिन मैंने साफ़ तौर पर मना कर दिया, हमारे यहां ये समय बरसात का है और उससे अहम है कि अगले साल हमें ही विमेंस वनडे विश्व कप की मेज़बानी करनी है। मैं किसी को भी ग़लत संदेश नहीं देना चाहता कि हम लगातार दो विश्व कप की मेज़बानी करना चाहते हैं।

बांग्लादेश इस समय सरकार विरोधी आंदोलनों के कारण हिंसा और सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा है, और यही वजह है कि आईसीसी बांग्लादेश की जगह किसी और को मेज़बानी देने पर विचार कर रही है। बांग्लादेश में कई लोगों की मौत हो गई है और उनकी प्रधानमंत्री शेख हसीना को गद्दी से हटा दिया गया है। आईसीसी के एक अधिकारी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि बांग्लादेश की स्थिति पर नज़र रखी जा रही है और सभी विकल्प खुले रखे गए हैं। आईसीसी के एक बयान में कहा गया था, हम बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड( बीसीबी), उनकी सुरक्षा एजेंसियों और हमारे अपने स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकारों के साथ समन्वय में वहां हो रही गतिविधियों की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

हमारी प्राथमिकता सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा और भलाई है। जबकि बांग्लादेश में नई अंतरिम सरकार टूर्नामेंट को बचाने के लिए अंतिम प्रयास कर रही है, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत सहित कई भाग लेने वाली टीमों की सरकार द्वारा जारी की गई यात्रा सलाह बीसीबी के लिए सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है।



सुरक्षा चुनौतियों के अलावा, बीसीबी भी संकट में है। उनके अध्यक्ष और पूर्व खेल मंत्री नजमुल हसन 5 अगस्त को अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से प्रभावी रूप से कार्यालय से बाहर हैं। कई बोर्ड निदेशक, जिनके राजनीतिक संबंध हैं, वह भी संपर्क में नहीं हैं।

बांग्लादेश की पुरुष टेस्ट टीम इस समय दो मैचों की सीरीज़ के लिए पाकिस्तान दौरे पर है। बांग्लादेश में आंदोलन के कारण अभ्यास बाधित होने के बाद वे प्रस्तावित पाकिस्तान दौरे से कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान पहुंच गए। बांग्लादेश की पुरुष टीम अगले महीने दो टेस्ट और तीन टी20 मैचों के लिए भारत का दौरा करने वाली है।

बांग्लादेश के भारत दौरे को लेकर शाह ने कहा, हमने उनसे (बांग्लादेश अधिकारियों से) बात नहीं की है। वहां एक नई सरकार ने कार्यभार संभाला है। वे हमसे संपर्क कर सकते हैं या फिर मैं उनसे संपर्क करूंगा। बांग्लादेश श्रृंखला हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### चेसः

## भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद का रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रैपिड स्पर्धा के तीसरे और आखिरी दिन से पहले उन्होंने तीन मुकाबले हारे और तीन ड्रॉ खेले थे। वह सातवें दौर में अमेरिका के लेनियेर डोमिनिगेज से हार गए और आखिरी मुकाबले में उन्हें अमेरिका के ही हिकारू नकामूरा ने हराया।

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद का सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह रैपिड वर्ग में आखिरी स्थान पर रहे। रैपिड स्पर्धा के तीसरे और आखिरी दिन से पहले उन्होंने तीन मुकाबले हारे और तीन ड्रॉ खेले थे। वह सातवें दौर में अमेरिका के लेनियेर डोमिनिगेज से हार गए और आखिरी मुकाबले में उन्हें अमेरिका के ही हिकारू नकामूरा ने हराया।

आठवें दौर में उन्होंने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से ड्रॉ खेला। उनके कुल 18 में से चार अंक रहे। रूस के इयान नेपाम्नियाश्चि और फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। उनके बाद अमेरिका के लेवोन आरोनियन एक अंक पीछे थे। अब प्रज्ञानंद को वापसी के लिए ब्लिट्ज वर्ग में चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। टूर रैंकिंग में वह तीसरे स्थान पर हैं। भारत के ही डी गुकेश चौथे स्थान पर हैं और इस टूर्नामेंट के बाद होने वाले सिनक्यूफील्ड कप में खेलेंगे।

## 'माउंटेन मैन' राहुल गुप्ता ने ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी पर फहराया तिरंगा

### अन्य राज्यों के भी 10 पर्वतारोही हुए शामिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट फतह करने वाले राहुल गुप्ता ने अब एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। माउंटेन मैन के नाम से प्रसिद्ध राहुल गुप्ता ने स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त 2024 को ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोजिअस्को में तिरंगा फहराया।



राहुल गुप्ता ने माउंट कोजिअस्को की चोटी से देश और छत्तीसगढ़ की जनता को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने अपने वीडियो संदेश में कहा, 'आज माउंट कोजिअस्को की चोटी पर छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का भी नारा लगाया।' राहुल गुप्ता ने वीडियो संदेश में कहा कि यह उनके लिए गौरव का पल है कि वह यहां तक का सफर तय कर पाए। इस सफलता का श्रेय उन्होने छत्तीसगढ़ की जनता को दिया है।

## केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शूटर मनु भाकर को किया सम्मानित



### 10 लाख रुपये का चेक भी दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोनोवाल ने मनु, उनकी मां सुमेधा भाकर और पिता राम किशन भाकर को सम्मानित किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने मनु को सम्मान के तौर पर 10 लाख रुपये का चेक भी दिया। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर को सम्मानित किया है।

सोनोवाल ने मनु, उनकी मां सुमेधा भाकर और पिता राम किशन भाकर को सम्मानित किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने मनु को सम्मान के तौर पर 10 लाख रुपये का चेक भी दिया। इसके अलावा मनु के पिता, जो मर्चेंट नेवी में चीफ इंजीनियर के रूप में काम करते हैं, को भी सोनोवाल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सोनोवाल ने कहा, आज देश के लोग मनु भाकर पर गर्व महसूस करते हैं।

निकट भविष्य में वह देश के लिए कई और पदक जीतने वाली हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है! उनमें क्षमता है, दूरदर्शिता, समर्पण, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत भी दिखती है। मुझे विश्वास है कि ईमानदारी और प्रतिबद्धता की महान भावना के साथ मनु भाकर बार-बार चमकेंगी।

# कबड्डी: पहली बार ग्लोबल महिला लीग के लिए तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआईपीएसए) वर्ल्ड कबड्डी के सहयोग से सितंबर में पहली बार वैश्विक महिला कबड्डी लीग का आयोजन कर रहा है।

इस लीग में 15 से अधिक देशों की महिला एथलीट भाग लेंगी। ये पहला मौका होगा जब ग्लोबल प्रवासी महिला कबड्डी लीग (जीपीकेएल) जैसे बड़े मंच पर महिला कबड्डी आयोजित होगी। हरियाणा में शुरू होने वाली इस लीग का उद्देश्य विश्व स्तर पर महिला कबड्डी को बढ़ावा देना और उसका विकास करना है। इसमें 15 से अधिक देशों की टीमें भाग लेंगी। इंग्लैंड, पोलैंड, अर्जेंटीना, कनाडा और इटली जैसे देशों सहित कई एथलीटों ने लीग में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की है। एचआईपीएसए के



अध्यक्ष कांथी डी सुरेश ने कहा, ÷यह लीग हमारी सरकार की भारतीय धरती पर ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा और हमारे स्वदेशी खेल कबड्डी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को व्यक्त करेगी। इस टूर्नामेंट को आयोजित करने की दिलचस्पी विभिन्न महाद्वीपों से टीमों के भाग लेने की इच्छा से उपजी है, जिसमें भारत एक स्वाभाविक शक्ति है, जो हमारे स्वर्ण पदकों की संख्या में इजाफा करेगा। लीग का उद्देश्य कबड्डी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देना है, जिससे इस खेल को ओलंपिक खेलों में शामिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा और 2036 में इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी को समर्थन मिलेगा। इस सपने को साकार करने के लिए एचआईपीएसए ने हरियाणा सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

कबड्डी सबसे पुराना खेल है और यह प्राचीन काल से भारतीय उपमहाद्वीप में रहा है। इसे 1990 में एशियाई खेलों में एक पूर्ण खेल के रूप में शामिल किया गया था, जबकि 2010 में महिलाओं के लिए इसे शामिल किया गया था।

एशियाई खेलों 2023 में, भारत ने कबड्डी में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिताब जीते, जिससे इस खेल में उनका दबदबा कायम हुआ। पूर्व भारतीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कबड्डी को ओलंपिक में शामिल करने के लिए अपना समर्थन जताया है।

भारत 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है, इसलिए ओलंपिक में कबड्डी को शामिल करना सोने पर सुहागा वाली बात होगी। वैश्विक प्रवासी महिला कबड्डी लीग देश की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में पहला कदम है, जिसमें 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने और कबड्डी को आधिकारिक ओलंपिक खेल के रूप में शामिल करने की आकांक्षा शामिल है। लीग का कार्यक्रम आने वाले समय में घोषित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका और इजरायल के साथ संघर्ष में यमन में अब तक 73 की मौत त्न हौथी



**अदन, एजेंसी।** यमन के हौथी समूह के नेता अब्दुल-मलिक अल-हौथी ने खुलासा किया कि अक्टूबर 2023 में इजरायल के खिलाफ उनके सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद से अब तक 73 लोग मारे गए हैं और 181 घायल हुए हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हौथियों ने कहा कि वे फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में हैं। जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है और अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। समूह के अल-मसीरा टीवी चैनल पर प्रसारित अल-हौथी के बयान में अब तक हुई मौतों के बारे में विस्तार से बताया गया है, साथ ही कहा गया कि यह अभियान लाल सागर क्षेत्र में सैन्य गतिविधि बढ़ने के साथ शुरू हुआ, जिसमें उन जहाजों पर हमले भी शामिल हैं, जिनके बारे में हौथियों का दावा है कि वे इजरायल से जुड़े हैं। हौथी नेता ने यमन में हाल ही में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों पर भी बात की, जिसमें कहा गया कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने इस सप्ताह अकेले 10 हवाई हमले किए। इनमें से आठ हमलों ने कथित तौर पर लाल सागर के होदेइदाह के तटीय प्रांत को निशाना बनाया, जबकि हज्जाह प्रांत और सना में अलग से हमले किए गए। इस क्षेत्र में जहाजों पर हौथियों के नौसैनिक हमलों के जवाब में अमेरिकी और ब्रिटिश हवाई हमले किए गए हैं जो जनवरी 2024 से शुरू हुए। हमास और हिजबुल्लाह के नेताओं को निशाना बनाने सहित हाल की घटनाओं के जवाब में यमन के हौथी समूह के नेता ने इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की धमकी दोहराई।

### ब्राजील में विमान दुर्घटना में पांच की मौत

**साओ पाउलो , एजेंसी।** ब्राजील में एक विमान दुर्घटना में पांच लोगों की मौत की खबर है। यह दुर्घटना ब्राजील के मातो ग्रोसो राज्य के अमेज़ोनियन शहर अपिआकास में तब घटी जब एक ट्विन-इंजन विमान नीचे आ गिरा। ब्राजील की ग्लोबोन्यूज़ नेटवर्क के मुताबिक, मृतकों में अर्नी स्पीयेरिंग, एक एग्री-बिजनेस मालिक और यूनियन स्पोर्ट्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष, उनके दो पोते-पोतियां, उनकी कंपनी के एक कर्मचारी और पायलट शामिल हैं। शिन्हुआ सामचार एजेंसी के मुताबिक, सात लोगों की क्षमता वाले ट्विन-इंजन किंग एयर विमान रोंडोनोपोलिस शहर की ओर जा रहा था और पाउसादा अमेजोनिया फिशिंग लॉज से उड़ान भर रहा था, तभी यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना के बारे में बताते हुए ब्राज़ीलियन एयर फोर्स ने कहा कि एयरोनॉटिकल एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन एंड प्रिवेंशन सेंटर के विशेषज्ञों को अपिआकास में दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए भेजा गया है। यह दुर्घटना वोएपास एयर कैरियर द्वारा संचालित एक विमान के विन्हेडो शहर में दुर्घटनाग्रस्त होने के एक सप्ताह से भी कम समय बाद हुई है, जिसमें 62 लोगों की मौत हो गई थी।

### वेनेजुएला में फिर से चुनाव के पक्ष में हैं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** वेनेजुएला में निकोलस मदुरो के जीत के दावे को अमेरिका और मित्र देशों द्वारा खारिज कर दिये जाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह वहां नए चुनाव का समर्थन करेंगे। व्हाइट हाउस में जब बाइडेन से मीडिया ने पूछा कि क्या वह पुनर्मतदान का समर्थन करते हैं तो उन्होंने कहा, ''मैं (समर्थन) करता हूं। हालांकि बाइडेन ने इसे और स्पष्ट नहीं किया। व्हाइट हाउस ने भी राष्ट्रपति की संक्षिप्त टिप्पणी के बारे में तत्काल विस्तार से कुछ नहीं बताया है। इससे पहले बृहस्पतिवार को वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचादो ने ब्राजील के राष्ट्रपति के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया कि पिछले महीने के चुनाव परिणाम पर विवाद पैदा हो जाने के बाद वेनेजुएला में नए सिरे से राष्ट्रपति चुनाव कराया जाए।

### राष्ट्रपति चुनाव की रेस से बाहर होने के बाद पहली बार कमला हैरिस के साथ दिखे बाइडन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस गुरुवार को मैरीलैंड में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में संयुक्त रूप से उपस्थित हुए। दरअसल, जो बाइडन के राष्ट्रपति चुनाव की रेस से बाहर होने के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी ने कमला हैरिस को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस चुनाव की रेस से बाहर होने के बाद पहली बार बाइडन और हैरिस एक साथ किसी कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों दवाओं की कीमतों को लेकर ऐतिहासिक फैसले का जश्न मनाने के लिए इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बाइडन ने दवाओं की लागत को कम करने के लिए अपनी दशकों पुरानी वकालत पर प्रकाश डाला। वहीं हैरिस इस कार्यक्रम में प्रमुख के तौर पर थीं। हैरिस के संबोधन के बाद जैसे ही राष्ट्रपति बाइडन ने बोलना शुरू किया, दर्शक वहां से जाने लगे। बता दें कि बाइडन अपनी बढ़ती उम्र को देखते हुए राष्ट्रपति की दौड़ से बाहर हो गए थे। वहीं दूसरी तरफ, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर सत्ता में वापसी करने की कोशिश में लगे हुए हैं। कमला हैरिस ने राष्ट्रपति पद के लिए अपनी पार्टी का नामांकन सुरक्षित कर कर लिया है। उन्हें डेमोक्रेटिक नेशनल कंवेंशन में मतदान करने वाले 4,567 प्रतिनिधियों में से 99 फीसदी का समर्थन मिला। वह पार्टी का टिकट पाने वाली पहली अश्वेत और एशियाई-अमेरिकी महिला हैं। हैरिस ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मिनेसोटा के गवर्नर टिम वॉल्ट्ज के नाम की घोषणा की थी। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने ओहिओ के सांसद जेडी वैंस के नाम की घोषणा की। अगर ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव जीतते हैं तो वैंड अमेरिका के दूसरे सबसे युवा उपराष्ट्रपति होंगे।

# दुनिया भर में मनाया गया भारत का स्वतंत्रता दिवस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत का स्वतंत्रता दिवस दुनिया भर में उत्साह से मनाया गया। बृहस्पतिवार को भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर परअमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सहित कई विदेशी नेताओं ने शुभकामनाएं दीं। दुनियाभर में रह रहे भारतीयों ने बृहस्पतिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। चीन की राजधानी बीजिंग में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार ने दूतावास परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में तिरंगा फहराया, जिसमें भारतीय समुदाय के सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में राजदूत ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्र के नाम संदेश के कुछ अंश भी पढ़े। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्वतंत्रता दिवस समारोह में भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली। श्री बिवाकर चौधरी (तबला) और सुश्री मी जुआनये (संतूर) ने अपने संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में इंडिया हाउस में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने ध्वजारोहण किया। इस कार्यक्रम में असम से आए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) दल की बिहू नृत्य प्रस्तुति बेहद खास रही। झा ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस! भारत, श्रीलंका और दुनिया भर के सभी साथी नागरिकों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग परिसर में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराया और राष्ट्रपति मुर्मू का राष्ट्र के नाम संबोधन पढ़ा। बांग्लादेश में तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच ढाका में यह जश्न मनाया



गया। मालदीव में उच्चायुक्त मुनु महावर ने तिरंगा फहराया। उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मू का राष्ट्र के नाम संबोधन भी पढ़ा। सिंगापुर में उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने सुबह 8=30 बजे भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रपति का संदेश पढ़ा। ऑस्ट्रेलिया में, उच्चायुक्त ने राष्ट्रध्वज फहराया और प्रवासी भारतीयों तथा मिशन के अधिकारियों की उपस्थिति में राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति मुर्मू का संबोधन पढ़ा। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उच्चायुक्त गोपाल बागले ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के बाद उच्चायोग में एक पेड़ लगाया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित प्रवासी भारतीयों को बेहतर कल की खातिर पर्यावरण की देखभाल के लिए प्रोत्साहित किया!

इसके अलावा फिजी, न्यूजीलैंड, नेपाल और कंबोडिया समेत विभिन्न देशों में भी भारतीय मिशनों और प्रवासी भारतीयों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वहां के लोगों को बधाई दी और कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध तेजी से बढ़ रहे हैं। ब्लिंकन ने अमेरिका-भारत सामरिक संबंधों के उवल भविष्य की उम्मीद जताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच लोकतंत्र, स्वतंत्रता और मानव गरिमा के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर आधारित गहरे संबंध हैं। ब्लिंकन ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा, '' इस अहम दिन (भारत का स्वतंत्रता दिवस) पर हम भारत के लोगों के समृद्ध और विविध इतिहास तथा अमेरिका-भारत संबंधों के उवल भविष्य का जश्न मनाते हैं। ब्लिंकन ने कहा, ''मैं भारत, अमेरिका और विश्वभर में रह रहे भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों के अधिकतर नेताओं ने अपने समकक्षों को बधाई देते समय स्थायी मित्रता और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का आह्वान किया। नेपाल के प्रधानमंत्री ओली ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत के लोगों को 78वें स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई! यह दिन दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग के बंधन को और मजबूत करे। नेपाल-भारत संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हूं। नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा ने भी 'एक्स पर कहा, भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैं एस जयशंकर और भारत के लोगों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देना चाहती हूं।उन्होंने दोनों देशों के संबंधों का जिक्र करते हुए कहा, नेपाल और भारत के बीच दोस्ती और सहयोग के रिश्ते मजबूत होते रहें। भारत के लोगों के लिए शांति, समृद्धि और प्रगति की कामना करती हूं।

वहीं भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने 'एक्स पर कहा, भारत की सरकार और लोगों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। भूटान और भारत के बीच विशेष मित्रता और भी मजबूत हो। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने 'एक्स पर कहा, भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत के लोगों को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने कहा, हमारी स्थायी मित्रता मालदीव और क्षेत्र में समृद्धि एवं विकास को बढ़ावा देने के साथ प्रगाढ़ हुई है... मुझे विश्वास है कि हमारी साझेदारी और मजबूत होगी, जिससे आपसी समृद्धि और साझा लक्ष्य प्राप्त होंगे। सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अम्बुले ने यहां चांसरी परिसर में भारतीय समुदाय के 1,100 लोगों के साथ मिलकर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया।

# बांग्लादेश ने अमेरिका, रूस और सऊदी अरब समेत 7 देशों से वापस बुलाए राजदूत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश ने अमेरिका, रूस, जापान, सऊदी अरब सहित 7 देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। इनमें अमेरिका में राजदूत मोहम्मद इमरान, रूस में राजदूत कमरुल हसन, सऊदी अरब में राजदूत जावेद पटवारी, जापान में राजदूत शहाबुद्दीन अहमद,राजदूत मोशर्रफ हुसैन भुइयां जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात में राजदूत अबू जफर और मालदीव में उच्चायुक्त रियर एडमिरल एसएम अबुल कलाम आज़ाद शामिल हैं।

पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे से पहले और उसके बाद प्रदर्शनकारियों की हत्याओं की जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की एक टीम अगले हफ्ते बांग्लादेश का दौरा करेगी। यह घोषणा बृहस्पतिवार को की गई। बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी के अनुसार, यह पहली बार है जब संयुक्त राष्ट्र 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद देश में बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों के हनन की जांच के लिए एक तथ्यान्वेषी टीम भेज रहा है।

शेख हसीना की सरकार गिरने के कुछ दिनों बाद आठ अगस्त को मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली। इससे पहले शेख हसीना हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर पांच अगस्त को भारत भाग गई थीं। बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''संयुक्त राष्ट्र जुलाई में और इस महीने की शुरुआत में छात्र आंदोलन के दौरान हुए अत्याचारों की जांच के लिए अगले सप्ताह एक तथ्यान्वेषी टीम भेज रहा है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क ने इस कदम की घोषणा उस वक्त की जब उन्होंने मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस को बुधवार देर रात फोन किया। इससे पहले बुधवार को टर्क के साथ फोन पर वार्ता के बाद यूनुस ने 'एक्स पर पोस्ट किया था, ''संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क ने बुधवार को बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस को फोन किया।

### हिंसा के बीच येरुशलम में नई बस्तियां बसाएगा इस्राइल, 148 एकड़ में किया जाएगा निर्माण

**येरूशलम, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष के बीच इस्राइल ने येरूशलम के दक्षिण पश्चिम इलाके में नई बस्तियां बसाने का एलान किया है। इस्राइल नागरिक प्रशासन विभाग ने घोषणा कि नई बस्ती नाहल हेलेत्ज को 2017 के बाद बसाया जाएगा। इसका निर्माण 148 एकड़ में फलस्तीन शहर बेथलहम के पास किया जाएगा। देश की शासकीय संस्था इस्राइल नागरिक प्रशासन ने कहा कि निर्माण को लेकर प्रस्ताव तैयार कर लिया गया। हालांकि निर्माण कार्य में कई साल लग सकते हैं, क्योंकि इसके लिए जोनिंग प्लान और परमिट प्राप्त करने में समय लगेगा। वहीं संगठन पीस नाउ ने बस्तियों के निर्माण का विरोध किया है। संगठन की ओर से कहा गया है कि नाहल हेलेत्ज फलस्तीन क्षेत्र में बसने वाला एन्क्लेव होगा, जो सुरक्षा खतरा पैदा करेगा। इसे फलस्तीन की क्षेत्रीय निरंतरता को बाधित करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बस्ती फलस्तीन गांव बत्तिर की भूमि पर बनेगी, जो प्राचीन कृषि भूमि के तौर पर यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल को नए हथियारों की बिक्री के लिए 20 बिलियन डॉलर से ज्यादा की मंजूदी दे दी है। बाइडन प्रशासन ने यह फैसला गाजा में मानवीय क्षति के कारण हथियारों की आपूर्ति रोकने के दबाव को दरकिनार करते हुए लिया है। अमेरिकी कांग्रेस को एक अधिसूचना में, विदेश विभाग ने कहा कि उसने इस्राइल को 18.82 अरब डॉलर में 50 एफ-15 लड़ाकू विमानों की बिक्री को मंजूरी दे दी है।

# गाजा जाएंगे फिलिस्तीन के राष्ट्रपति अब्बास; तुर्की की संसद में किया ऐलान

**गाजा, एजेंसी।** फिलिस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास ने गुरुवार को तुर्की संसद के एक विशेष सत्र में कहा कि वह गाजा की यात्रा करेंगे। उनका बयान ऐसे समय में आया है जब हमास द्वारा नियंत्रित गाजा क्षेत्र में अधिकारियों ने बताया कि इजरायल के हमले में मरने वालों की संख्या 40,000 से अधिक हो गई है। अब्बास ने तुर्की की संसद में कहा, मैंने फिलिस्तीनी नेतृत्व के अन्य भाइयों के साथ गाजा जाने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा, मैं हर हाल में जाऊंगा। भले ही इसके लिए मेरी जान ही क्यों न चली जाए। हमारी जिंदगी किसी एक बच्चे की जिंदगी से ज्यादा कीमती तो नहीं है। अब्बास ने मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद तुर्की का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि इजरायली हमलों के बावजूद फिलिस्तीनी लोग मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने संसद को बताया, गाजा पूरी तरह से हमारा है। हम किसी भी ऐसे समाधान को स्वीकार नहीं करते हैं जो हमारे क्षेत्रों को विभाजित करे। उन्होंने वादा किया कि गाजा के बिना फिलिस्तीनी राज्य नहीं हो सकता। हमारे लोग आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। अब्बास हमास के प्रतिद्वंद्वी फतह फिलिस्तीनी आंदोलन के प्रमुख हैं।

गाजा में युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से शांति वार्ता का एक नया दौर बृहस्पतिवार को शुरू हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने यह जानकारी दी। गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्ध में अब तक 40 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों ने बृहस्पतिवार को इजराइल-हमास युद्ध को रोकने और बड़ी संख्या में बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वार्ता का एक नया दौर शुरू किया।



गाजा में युद्ध विराम से संभवतः पूरे क्षेत्र में तनाव खत्म होने की उम्मीद है। युद्ध की शुरुआत सात अक्टूबर को तब हुई जब हमास के नेतृत्व वाले आतंकवादियों ने दक्षिणी इजरायल पर हमला किया, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए (जिनमें से अधिकांश नागरिक थे) और लगभग 250 लोगों को बंधक बनाकर गाजा लाया गया।

मध्यस्थों ने तीन चरणों वाली योजना तैयार करने में काफी समय लगा दिया था, जिसके तहत हमास सात अक्टूबर के हमले में पकड़े गए कई बंधकों को रिहा करेगा, इसके बदले में स्थायी युद्ध विराम, गाजा से इजराइली सेना की वापसी और इजराइल द्वारा कैद किए गए फलस्तीनियों की रिहाई होगी। दोनों पक्ष सैद्धांतिक रूप से इस योजना पर सहमत हो गए हैं, जिसकी घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 31 मई को की थी।

वार्ता पर करीबी नजर रखने वाले एक फलस्तीनी अधिकारी ने कहा था कि हमास बृहस्पतिवार की वार्ता में भाग नहीं लेगा, लेकिन कतर में रहने वाले उसके वरिष्ठ अधिकारी मध्यस्थों के किसी भी प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, जैसा कि उन्होंने पिछले दौर की वार्ताओं में किया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बात से इनकार किया है कि इजराइल ने नई मांगें रखी हैं, लेकिन उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि क्या संघर्ष विराम कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि इजराइल हमास के खिलाफ ''पूर्ण विजय'' और सभी बंधकों की रिहाई के लिए प्रतिबद्ध है।

# नया सुपरफूड बनेगी घोड़े के दूध से बनी आइसक्रीम दुनिया में स्वाद और स्वास्थ्य को लेकर छिड़ी बहस

**लंदन, एजेंसी।** पोलैंड के वेस्ट पोमेरानियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने घोड़े के दूध से आइसक्रीम बनाने का एक सफल प्रयोग किया है। यह दावा किया गया है कि यह आइसक्रीम न केवल स्वादिष्ट हो सकती है, बल्कि पारंपरिक गाय के दूध से बनी आइसक्रीम की तुलना में अधिक स्वास्थ्यवर्धक भी है। इस अध्ययन में यह पाया गया कि घोड़े के दूध से बनी आइसक्रीम में वसा की मात्रा आधी होती है। इसके अलावा, इसमें कुछ ऐसे पोषक तत्व पाए गए हैं जो पेट की समस्याओं को कम करने, सांस लेने की दिक्कतों में राहत देने, और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में सहायक हो सकते हैं।

**स्वाद की चुनौती :** हालांकि, इसका स्वाद कैसा होगा, यह पता लगाना कठिन रहा। पोलैंड के बाहर घोड़े के दूध से आइसक्रीम बनाने का कोई और उदाहरण नहीं मिलता, और इसलिए इसका नमूना भी उपलब्ध नहीं था। वैज्ञानिकों ने एक रेसिपी तैयार की, लेकिन इसका मुख्य घटक, घोड़े का दूध, आसानी से नहीं मिल पाता। ब्रिटेन के सोमरसेट में स्थित एकमात्र घोड़े के डेयरी



फार्म के मालिक, फ्रैंक शेलार्ड, इस प्रयोग में मदद के लिए आगे आए। शेलार्ड घोड़े के दूध के चिकित्सीय गुणों में विश्वास करते हैं और दावा करते हैं कि इस दूध के नियमित सेवन से उनका कोलेस्ट्रॉल स्तर आधे से भी कम हो गया है। शेलार्ड के ग्राहक पहले से ही इसके फायदों को मानते हैं। वह 250 मिलीलीटर घोड़े के दूध के लिए 6.50 चार्ज करते हैं और दावा करते हैं कि यह दुनिया का सबसे अच्छा दूध है। उनके फार्म की मारे मूका नामक घोड़ी एक दिन में लगभग डेढ़ लीटर दूध देती है। लंदन की आइसक्रीम निर्माता, किटी ट्रैवर्स, ने घोड़े के दूध से आइसक्रीम बनाने का प्रयास किया, लेकिन परिणाम से वह संतुष्ट नहीं थीं। उनका कहना था कि यह आइसक्रीम पतली और अजीब तरीके से मीठी थी। अगर उन्हें इसे सुधारना होता, तो वह इसे दही बनाकर मोटे शहद के साथ मिलातीं। ट्रैवर्स ने मजाक में कहा, शायद मैं बहुत चूजी हूं, लेकिन मुझे लगता है कि हम घोड़े के दूध से आइसक्रीम क्यों नहीं बनाते, इसका एक कारण है।

# स्वीडन में मिला मंकीपॉक्स का क्लैड 1 वैरिएंट, अफ्रीका से बाहर पहला मामला

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** अफ्रीकी महाद्वीप के बाहर भी एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) वायरस ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा वायरस को वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को स्वीडन में मंकीपॉक्स वायरस का पहला मामला सामने आया है। इसके साथ ही स्वीडन अफ्रीका के बाहर मंकीपॉक्स वायरस की रिपोर्ट करने वाला पहला देश बन गया है। इसके साथ ही डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यूरोप में जल्द ही बाहर से आने वाले क्लैड 1 एमपॉक्स मामलों की पुष्टि होने की संभावना है। डब्ल्यूएचओ के यूरोपीय क्षेत्रीय कार्यालय ने कहा, स्वीडन में एमपॉक्स क्लैड 1 की पुष्टि हमारी दुनिया के अंतर्संबंध का स्पष्ट प्रतिबिंब है। आने वाले दिनों और हफ्तों में यूरोपीय क्षेत्र में क्लैड 1 के और अधिक आयातित मामले होने की संभावना है। स्वीडन की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी ने एक बयान में कहा, स्टॉकहोम में देखभाल के दौरान एक व्यक्ति मंकीपॉक्स के क्लैड 1 वैरिएंट से ग्रस्त पाया गया है। राज्य के महामारी विज्ञानी मैग्नस गिस्लेन का कहना है कि यह मरीज अफ्रीका के एक क्षेत्र की यात्रा के दौरान इस वायरस से संक्रमित हुआ था, जहां वर्तमान में एमपॉक्स क्लैड द्व बड़ा प्रकोप चल रहा है। इस मरीज के पॉजिटिव पाए जाने के साथ ही अफ्रीकी महाद्वीप के बाहर क्लैड द्व का यह पहला मामला है।

**मंकीपॉक्स के प्रकोप से सबसे अधिक प्रभावित कांगो :** बता दें कि कांगो मंकीपॉक्स के प्रकोप से सबसे अधिक प्रभावित है, इसके अन्य देशों में फैलने के बाद बीते बुधवार को डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स को दो साल में दूसरी बार वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया। डब्ल्यूएचओ महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस ने कहा, मंकीपॉक्स के एक नए समूह का उद्भव, पूर्वी डीआरसी में इसका तेजी से प्रसार और कई पड़ोसी देशों में मामलों की रिपोर्टिंग बहुत चिंताजनक है। डीआरसी और अफ्रीका के अन्य देशों में अन्य एमपॉक्स समूहों के प्रकोप के अलावा, यह स्पष्ट है कि इन प्रकोपों को रोकने और जीवन बचाने के लिए एक समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। एमपॉक्स, जिसे पहले मंकीपॉक्स के नाम से जाना जाता था, एक वायरल बीमारी है जो मुख्य रूप से किसी संक्रमित व्यक्ति या जानवर के निकट संपर्क से फैलती है। इसमें शरीर के तरल पदार्थ, त्वचा के घाव, श्वसन की बूंदें, या बिस्तर जैसी दूषित सामग्री का सीधा संपर्क शामिल हो सकता है। वायरस जानवरों से मनुष्यों में भी फैल सकता है, आमतौर पर काटने, खरोंचने या जानवर के शारीरिक तरल पदार्थ के सीधे संपर्क के माध्यम से फैलता है।

# थाई संसद ने चुनी अपनी नई प्रधानमंत्री, पैतोंगतार्न शिनावात्रा बनीं देश की सबसे युवा नेता

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड की संसद ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की सबसे छोटी बेटी पैतोंगतार्न शिनावात्रा को देश का नया प्रधानमंत्री चुन लिया है। 37 वर्षीय पैतोंगतार्न अब थाईलैंड की सबसे युवा प्रधानमंत्री बन जाएँगी और शिनावात्रा परिवार से देश की तीसरी नेता होंगी। उनके पिता थाकसिन को पिछले साल निर्वासन से लौटने के बाद सैन्य तख्तापलट द्वारा पद से हटा दिया गया था, और उनकी चाची यिंगलक शिनावात्रा भी निर्वासन में हैं।

**संविधानिक न्यायालय की भूमिका :** दो दिन पहले, थाईलैंड की संविधानिक न्यायालय ने नैतिकता के उल्लंघन के आरोप में पिछले प्रधानमंत्री श्रीथा थाविसिन को पद से हटा दिया था। उनके खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों पर कार्रवाई की गई थी, जिसके चलते उनके इस्तीफे की आवश्यकता पड़ी। इसके बाद पैतोंगतार्न को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया गया।

**कैसी रही पैतोंगतार्न की उम्मीदवारी और समर्थन :** पैतोंगतार्न शिनावात्रा, जो कि फ्यू थाई पार्टी की नेता हैं, की उम्मीदवारी को संसद ने बहुमत से मंजूरी दी। वह अभी तक किसी निर्वाचित पद पर नहीं थीं, लेकिन कानून के अनुसार प्रधानमंत्री के लिए उम्मीदवार होने की आवश्यकता नहीं है। उनका नामांकन फ्यू थाई पार्टी के समर्थन से हुआ है, जिसकी 11-पार्टी गठबंधन के पास 314 सीटें हैं। संसद को मतदान के समय उनकी उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है।

**थाईलैंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ :** पैतोंगतार्न के प्रधानमंत्री बनने का प्रयास थाईलैंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।



उनके पिता, थाकसिन, एक विभाजनकारी नेता माने जाते हैं जिन्होंने 2006 में एक सैन्य तख्तापलट के द्वारा पद खो दिया था। उनकी चाची यिंगलक ने भी सत्ता में रहते हुए विवादों का सामना किया है। थाकसिन की वापसी और फ्यू थाई पार्टी का गठन थाईलैंड की राजनीतिक स्थितियों को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम था।

**क्या होंगी भविष्य की चुनौतियाँ :** पैतोंगतार्न के सामने कई चुनौतियाँ होंगी। थाईलैंड की अर्थव्यवस्था कठिन दौर से गुजर रही है और उनकी पार्टी की लोकप्रियता में कमी आई है। इसके अलावा, फ्यू थाई के प्रमुख नकद हैंडआउट कार्यक्रम को पूरा करना अभी बाकी है। उनका काम आसान नहीं होगा, क्योंकि उन्हें अपने पिता के प्रभाव और राजनीतिक विरोधियों के दबाव का सामना करना पड़ेगा।

**राजनीति में हुए बड़े बदलाव :** पैतोंगतार्न का नामांकन ऐसे समय पर हुआ है जब थाईलैंड की राजनीति में बड़े बदलाव हो रहे हैं। पिछले सप्ताह, संविधानिक न्यायालय ने मूव फॉरवर्ड पार्टी को भंग कर दिया था, जिसने पिछले साल आम चुनाव में विजय प्राप्त की थी। इस फैसले के बाद मूव फॉरवर्ड पार्टी ने पीपुल्स पार्टी के रूप में पुनर्गठन किया है। सिंगापुर के आईएसईएएस-यूसुफ इशाक इंस्टीट्यूट के राजनीतिक शोधकर्ता नेपोन जतुसरीपिटक के अनुसार, पैतोंगतार्न के नेतृत्व में गठबंधन की एकता को मजबूत किया जा सकता है। उनके पास अपने पिता से सीधा संपर्क होने का लाभ होगा, जो गुटबाजी को कम करने में मदद कर सकता है। पैतोंगतार्न के प्रधानमंत्री बनने से थाईलैंड की राजनीति में एक नई दिशा मिल सकती है, जहां सुधारवादियों और सत्ता साझा करने के समझौतों के बीच संतुलन बनाना होगा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 17 अगस्त 2024 | 8

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान का गायन किया गया। कलेक्टर ने कहा कि देश की आजादी के लिये कुर्बानी देने वाले शहीदों को याद करने का आज दिन है।



# स्वतंत्रता दिवस में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण करके ली परेड की सलामी



**रीवा।** देश का 78वां स्वतंत्रता दिवस रीवा जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। जिले में आन-बान-शान से तिरंगा लहराया गया। मुख्य समारोह एसएएफ पुलिस परेड मैदान में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली। समारोह में मुख्य अतिथि ने मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता संदेश का वाचन किया। समारोह में सशस्त्र बलों ने हर्ष फायर करके राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया। समारोह में विशेष शस्त्र बल, जिला पुलिस बल एवं सैनिक स्कूल के दल के सहित 11 दलों ने बैण्ड की मधुर धुन पर आकर्षक परेड की। समारोह में इसके बाद मुख्य अतिथि ने तीन रंग के मनोहारी गुब्बारों को हर्ष स्वरूप मुक्त गगन में छोड़ा।

समारोह में प्रभारी मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर शहीदो के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत तथा शासन की विकास योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले गीतों और नृत्यों के साथ मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैलियाँ निकाली गईं।

समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। ज्योति सीनियर सेकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने विश्व वंदे मातरम गीत तथा बघेली लोकगीत के माध्यम से वीरों का नमन करते हुए आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल ने नैकहाई युद्ध, एक पेड़ माँ के नाम अभियान, विकास योजनाओं तथा विन्ध्य के सपूतों एवं बलिदानियों को प्रदर्शित किया। बाल भारती स्कूल के विद्यार्थियों ने मनोहारी देशभक्ति गीत के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। सरस्वती स्कूल निराला नगर ने हम सबकी पहचान तिरंगा तथा बघेली कजरी गीतों के साथ विकास योजनाओं एवं लोक परंपराओं को प्रस्तुत किया।

समारोह का समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में आयोजित सशस्त्र परेड में एसएएफ नवीं बटालियन को प्रथम स्थान, केन्द्रीय जेल को दूसरा तथा जिला पुलिस बल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। बिना शस्त्र के परेड में एनसीसी कन्या महाविद्यालय को प्रथम तथा एनसीसी सीनियर टीआरएस कालेज को दूसरा तथा एनसीसी मॉडल साइंस कालेज को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सैनिक स्कूल द्वारा प्रस्तुत परेड में जल सैनिकों को प्रथम, कन्या दल को द्वितीय तथा थल सैनिकों को तीसरा स्थान मिला। शिक्षा विभाग की ओर से शामिल दलों में शौर्या दल को प्रथम, स्काउट गाइड दल को द्वितीय तथा रेडक्रास कन्या को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सेंट्रल एकेडमी को प्रथम, बाल भारती स्कूल को द्वितीय तथा ज्योति सीनियर सेकण्डरी स्कूल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी राज, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी एसपी पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, प्रभारी आयुक्त नगर निगम एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, भाजपा अध्यक्ष डॉ अजय सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर सुश्री वैशाली जैन, जनप्रतिनिधिगण, वीर शहीदों के परिजन, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन, विद्यार्थी तथा पत्रकार उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में हुए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम



**रीवा।** रीवा जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह एसएएफ मैदान में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली। समारोह में आकर्षक मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभिन्न विद्यालयों के उत्साही विद्यार्थियों के देशभक्ति गीतों और मनोहारी नृत्यों ने स्वतंत्रता दिवस की अनुभूति को दुगना कर दिया। समारोह में सबसे पहले ज्योति सीनियर सेकण्डरी स्कूल की विद्यार्थियों ने विश्व वंदे मातरम गीत तथा बघेली लोकगीत के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रस्तुति में शामिल किया गया। समारोह में सेन्ट्रल एकेडमी रीवा ने नैकहाई युद्ध के शहीदों, रानी कुंदन कुंवर तथा रीवा सैनिक स्कूल से शिक्षित एवं देश के जल सेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी तथा थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी की यशगाथा प्रदर्शित की। मनोहारी लोकगीतों के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के संदेश दिए गए। बाल भारती स्कूल के विद्यार्थियों ने मधुर देशभक्ति गीत के साथ आकर्षक लोकनृत्य प्रस्तुत किया।

# मलेरिया रोधी होम्योपैथी दवा का किया जा रहा वितरण

**रीवा।** रीवा जिले में मलेरिया से प्रभावित गांवों में मलेरिया नियंत्रण के लिए होम्योपैथिक दवा मलेरिया ऑफ 200 का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आयुष अधिकारी डॉ शारदा मिश्रा ने बताया कि अब तक मलेरिया से प्रभावित 12 गांवों में दवा का वितरण किया जा चुका है। दवा वितरण का दूसरा चरण अगस्त और सितम्बर माह में चलाया जाएगा। दूसरे चरण में 22 अगस्त, 29 अगस्त और 5 सितम्बर को चिन्हित गांवों में मलेरिया ऑफ दवा का वितरण किया जाएगा।

# जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**रीवा।** आयुष्मान भारत योजना एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा दस्तक अभियान के अन्तर्गत 0 से 18 वर्ष के बच्चों में जन्मजात विकृति जन्मजात ह्यदय रोग से ग्रसित मरीजों के निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जिला अस्पताल बिछिया में 17 अगस्त को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया है। कैम्प में आपोलो सेज हॉस्पिटल भोपाल के ह्यदय रोग विशेषज्ञ निःशुल्क परीक्षण करेंगे। उल्लेखनीय है कि चिन्हित हितग्राहियों को शिविर का निःशुल्क लाभ लेने हेतु बच्चों की निःशुल्क सर्जरी की जायेगी। शिविर में हितग्राही के परिजन अपने मरीज की 3 पासपोर्ट साइज फोटो, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, माता पिता के आधार कार्ड, समग्र आईडी कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड पूर्व की समस्त जांच रिपोर्ट के साथ आकर निःशुल्क जांच करा सकते हैं। हितग्राही साथ में आयुष्मान कार्ड अवश्य लायें।

पंजीयन के लिये धीरेन्द्र साकेत के मोबाइल नंबर 9039415726, उपेंद्र शुक्ला के मोबाइल नंबर 9691556442, जय श्री द्विवेदी के मोबाइल नंबर 7247485167 पर संपर्क किया जा सकता है।

# राजस्व महाअभियान के तहत शिविर का आयोजन आज

**रीवा।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं राजस्व अभिलेखों के सुधार के लिये राजस्व महाअभियान का आयोजन 31 अगस्त तक किया जा रहा है। तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने बताया कि हुजूर तहसील में 17 अगस्त को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। मिलन वाटिका मैरिज हाल ढेकहा, नीम चौराहा मंदिर प्रांगण बोदाबाग तथा टाउन हाल नगर निगम में प्रातः 9 बजे से आयोजित शिविरों में ईकेवायसी एवं समग्र ईकेवायसी का कार्य किया जायेगा।

# यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस एवं विभाजन विभीषिका दिवस

**रीवा।** यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लक्ष्मणपुर-सगरा में स्वतंत्रता दिवस एवं विभाजन विभीषिका दिवस का तीन दिवसीय आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश की स्वतंत्रता एवं विभाजन के समय जो संकट झेला गया उसकी छायाचित्र के साथ प्रदर्शनी लगाकर प्रस्तुतीकरण किया गया ताकि युवाओं एवं आमजन में स्वतंत्रा प्राप्त करने में बलिदान और उसके संघर्ष को याद किया जा सके। कार्यकम के मुख्य अतिथि सौरभ पहाड़िया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सूत्रधार एलडीएम जगमोहन रहे। ध्वजारोहण के पश्चात कार्यकम में शहीदों के बलिदान को याद करते हुए वक्ताओं ने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा की बात कहीं। उन्होने कहा कि हम विभाजन की विभिषिका को नहीं भूल सकते और देश को मिली आजादी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।



संस्थान के निदेशक एम. जे. राव ने सभी प्रशिक्षार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए स्वरोजगार की स्थापना करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि यूनियन बैंक स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायोग व ऋण प्रदाय करने में सदैव तत्पर रहेगा। कार्यकम में प्रतिभागियों सहित आरसेटी का स्टाफ उपस्थित रहा।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान अन्तर्गत कमिश्नर ने किया वृक्षारोपण

**रीवा।** शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रीवा संभाग के कमिश्नर बी. एस. जामोद ने वृक्षारोपण किया। उन्होंने इस दौरान वृक्ष के महत्व को बताया। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करने के लिए शिक्षकों को प्रेरणा दी।



इससे पूर्व राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम नरेश पटेल द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। पारम्परिक कार्यक्रम में प्राचार्य का उद्बोधन, प्रशिक्षणार्थियों व्दारा राष्ट्र गान एवं राष्ट्र भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के आचार्य डॉ. एन. के. सिंह, डॉ. के. एम. द्विवेदी, डॉ. पी. एन. मिश्रा, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. गीता पालीवाल, डॉ. नीता सिंह, डॉ. सुनील तिवारी डॉ. संजीव तिवारी, डॉ. उमेश पाण्डेय, हरिश्चन्द्र द्विवेदी, डॉ. अनूप पाण्डेय, श्रीमती माया मिश्रा, श्रीमती प्रतिभा शुक्ल, श्रीमती सुचिता शर्मा, श्रीमती रेखा त्रिपाठी, श्रीमती स्मिता अग्निहोत्री एवं बी.एड. एम.एड. के प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एस. के त्रिपाठी व्दारा किया गया।

# मऊगंज जिले में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित हुआ विशेष मध्यान्ह भोज

**रीवा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह में मऊगंज जिले में भी सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में विशेष मध्यान्ह भोज का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोज माध्यमिक विद्यालय पन्नी में आयोजित किया गया। विशेष मध्यान्ह भोज में विद्यार्थियों के साथ कलेक्टर अजय श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बच्चे शामिल हुए।

# मऊगंज जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## मऊगंज में कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में किया ध्वजारोहण

**रीवा।** नवगठित मऊगंज जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समारोह को लेकर आमजनों में उल्लास और उत्साह का वातावरण रहा। इसके बाद मुख्य अतिथि ने मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता संदेश का वाचन किया। समारोह में सुरक्षा बलों ने हर्ष फायर करके राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया। समारोह में विशेष सशस्त्र बल तथा जिला पुलिस बल ने सम्मिलित रूप से बैण्ड की मधुर धुन पर आकर्षक परेड की। परेड में विशेष तौर पर राष्ट्रीय सेवा योजना तथा लाड़ली बहना सेना का दल भी शामिल रहा।



इसके बाद मुख्य अतिथि ने तीन रंग के मनोहारी गुब्बारों को हर्ष स्वरूप मुक्त गगन में छोड़ा तदुपरांत समारोह में मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर शहीदो के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत तथा शासन की विकास योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले गीतों और नृत्यों के साथ मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में सभी के मन में देश के लिए समर्पण व सेवाभाव का जज्बा पैदा होता है : प्रभारी मंत्री


## अजगरहा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

**रीवा।** जिले के प्रभारी मंत्री तथा प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में सभी के मन में देश के लिए समर्पण एवं सेवाभाव का जज्बा पैदा होता है। आजादी का पर्व मात्र रस्म अदायगी न हो बल्कि आने वाली पीढ़ी को यह बताया जाए कि स्वतंत्रता के लिए कितने लोगों ने शहादत व योगदान दिया। श्री पटेल अजगरहा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हम अहिंसा के पुजारी हैं। यह मनीषी देश दुनिया को शांति का रास्ता दिखाता है। शांति के साथ-साथ हम सामर्थ्यवान भी हैं। हमने राष्ट्रवाद की कहानियाँ सुनी हैं। अब हमारा दायित्व है कि आज की पीढ़ी को हम उन कहानियों से अवगत कराएं ताकि यह पीढ़ी जान सके कि कितनी कुर्बानियों के बाद हमें आजादी मिली है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि 14 अगस्त को भारत माता का बंटवारा हुआ। आने वाली पीढ़ी को इस बलिदान और दुख दर्द से भी अवगत कराना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हर घर तिरंगा के आह्वान का ही परिणाम है कि देशवासी गर्व के साथ अपने हाथों में तथा घरों में तिरंगा लहरा रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग नशामुक्ति का संकल्प लें। गांव के प्रबुद्धजन तथा स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों सहित समाज के हर वर्ग को नशे से दूर करने के लिए जागरूकता लाने का कार्य करना होगा तभी जिला व प्रदेश नशामुक्त हो सकेगा।



# रोजगार मेले में 10 कंपनियों ने 200 युवाओं का विभिन्न पदों पर किया चयन

**रीवा।** मध्यप्रदेश संकल्प योजना कार्यक्रम के तहत जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जिला रोजगार कार्यालय एवं टीआरएस कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन टीआरएस कालेज में किया गया। जिसमें 532 बेरोजगार युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया। मेले में निजी क्षेत्र की शामिल 10 कंपनियों ने 200 युवाओं का चयन कर उन्हें आफर लेटर प्रदान किये।




उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार रीवा जिले में प्रति माह के तृतीय शुक्रवार को तथा मऊगंज जिले में प्रति माह के प्रथम गुरूवार को रोजगार मेला नियमित रूप से आयोजित होगा। मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियां तथा संस्थाएं शामिल होकर युवाओं का चयन करती हैं। रोजगार के इच्छुक युवाओं का सबसे पहले पंजीयन किया गया। इसके बाद कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आयु तथा वेतनमान के आधार पर युवाओं का चयन किया गया। विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय समन्वयक डॉ. अच्युत पाण्डेय ने युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के लिए मार्गदर्शन दिया।

उप संचालक श्री दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में शिवराज ड्रम्स एण्ड कन्टेनर्स प्रा. लि. कल्याण मुम्बई में 2, प्राइम इंजीनियरिंग में 4, आशिदा इलेक्ट्रीशियन ठाणे मुंबई में 8, गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग लि. में 3, वाटर फील्ड टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. ठाणे मुंबई में एक, कनेक्टवेल डोबिवली में 5, व्योमन इंफ्राप्रोजेक्ट्स प्रा.लि. बोरीवली में 11, रीवेन्ट प्रेसीजन इंजीनियरिंग लि. धरूहेरा हरियाणा में 25, ग्रेट गेलियन वेन्चर्स लि. (आईसेक्ट) रीवा में 28, प्रगतिशील बायोटेक रीवा में 31, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा में 42, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स लि. रीवा में 25, कनोडिया ब्रादर्स पेट्रोल पंप रीवा में 5 तथा एल एण्ड टी कान्स्ट्रक्सन स्किल्स अहमदाबाद गुजरात में 10 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले के आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, टीआरएस कालेज एवं आईटीआई के अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

*स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833*